Web Portal
www.ghatatighatana.com
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020 से 2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक - 239 रविवार ,03 जुलाई 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

दरिद्रता का भाव रखकर हम समृद्धि को अपने मानस क्षेत्र की ओर कैसै आकृष्ट कर सकते हैं।
-स्वेट मार्डेन-

## असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर,29 लाख से अधिक लोग प्रभावित

**गुवाहाटी, 02 जुलाई 2022।** असम में बाढ़ के कारण गंभीर हालात हैं। इसके कारण राज्य भर में तबाही की स्थिति है। बाढ़ से असम के 30 जिलों में 29 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनके घर जलमग्न हो गए हैं, फसलें डूब गई हैं। महीनों से वो सो नहीं पाए हैं । बीते 24 घंटों में आठ और लोगों की मौत हो गई।

### बाढ़ से प्रभावित हुए 29 लाख से अधिक लोग

29 लाख से अधिक लोग अब भी बाढ़ से प्रभावित हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) द्वारा जारी एक बुलेटिन के अनुसार, इस साल बाढ़ और भूस्खलन के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 159 हो गई, जबकि एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिली है, जिससे लापता लोगों की कुल संख्या 36 हो गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) राज्य में है।

आईएमसीटी की एक टीम कछार, हैलाकांडी और करीमगंज और दूसरा समूह नलबाड़ी, बजली, कामरूप और मोरीगांव में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने वाला है। मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा पिछले दस दिनों में बराक घाटी का तीसरी बार दौरा किया और वहां की स्थिति की समीक्षा करने के लिए करीमगंज पहुंचे। उन्होंने जिले के सुभाष हाई स्कूल कालीबाड़ी और गोपिकानगर में राहत शिविर का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने इससे पहले दो बार सिलचर का दौरा किया और जलमग्न



शहर का हवाई सर्वेक्षण किया।

### राहत कार्य जारी

मेहरपुर, विवेकानंद रोड, दास कॉलोनी, अंबिकापट्टी, चर्च रोड, चांदीचरण रोड, बिलपर, पब्लिक स्कूल रोड, सुभाष नगर और एनएस एवेन्यू सहित सिलचर के कई हिस्से बाढ़ के पानी में डूबे हुए हैं। उपायुक्त कीर्ति जल्ली ने कहा कि बेथुकुंडी में टूटे बांध के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का काम जारी है। बांध टूटने की वजह से शहर में जलभराव हो गया। उन्होंने कहा कि कछार जिले के कटिगोरा राजस्व मंडल के बड़जुरी में क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत का भी काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों तक पेयजल और भोजन पहुंचाने को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम के सभी 28 वार्डों में जल जनित बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा शिविर लगाए जा रहे हैं।

### 2,608 गांव बाढ़ से प्रभावित

इस बीच, राज्य भर में 75 राजस्व मंडलों के तहत 2,608 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, जबकि बुलेटिन के अनुसार, 3,05,565 लोगों ने 551 राहत शिविरों में शरण ली है। अस्थायी केंद्रों में आश्रय नहीं लेने वाले बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच 355 आपूर्ति केंद्रों से राहत सामग्री वितरित की गई। सबसे बुरी तरह प्रभावित जिलों में कछार जिले में 14,31,652 लोग प्रभावित हैं, इसके बाद नागांव में 5,19,463 लोग और बारपेटा में 4,00,502 लोग प्रभावित हैं। बिश्वनाथ और उदलगुरी में दो तटबंध भी टूट गए हैं जबकि 221 सड़कें, पांच पुल और 557 मकान बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गए हैं। 76,115 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र जलमग्न है, जबकि 51 जानवर बह गए हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि बिश्वनाथ, बोंगाईगांव, चिरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, कामरूप, कोकराझार, लखीमपुर, मोरीगांव, सोनितपुर, तामुलपुर और तिनसुकिया से भी बड़े पैमाने पर कटाव की खबरें हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### बॉलीवुड में फिर एक बार कोरोना का लहर...

**मुबंई 02 जुलाई 2022।** बिग बॉस 14 फेम निक्की तंबोली ने पोस्ट शेयर कर कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी दी है। साथ ही लोगों से कोविड प्रोटोकॉल को फॉलो करने और मास्क पहनने की अपील की है।

दरअसल, निक्की तंबोली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, %मेरी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मुझे कोविड 19 के भारी लक्षण हैं। मैंने खुद को क्वारंटाइन कर लिया है और इसके साथ ही सभी सावधानी बरत रही हूं। बीते कुछ दिनों में जो भी लोग मुझसे मिले हैं, मेरे उनसे रिक्वेस्ट है कि वो जल्द से जल्द अपना टेस्ट करा लें। इसके साथ ही लोगों से अपील है कि मास्क पहले और सावधानी जरूर बरतें। पिछले साल निक्की के भाई की भी कोविड और अन्य बीमारी के चलते डेथ हो गई थी। इस साल निक्की गंभीर लक्षण के साथ कोरोना से लड़ रही हैं।

### दिल्ली पुलिस के कॉन्स्टेबल ने सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर की खुदकुशी



**नई दिल्ली ,02 जुलाई 2022।** दिल्ली पुलिस के एक कॉन्स्टेबल ने उत्तर-पश्चिम जिले में अपनी सर्विस रिवॉल्वर से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की वजह अभी तक पता नहीं चल सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि उन्हें दिल्ली के प्रशांत विहार में एक राहगीर ने सुबह करीब नौ बजे सूचना दी कि इलाके में एक पेट्रोल पंप की चारदीवारी के पास खड़ी एक कार में एक शव पड़ा हुआ है।

पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) प्रणव तायल ने कहा कि जब पुलिस की एक टीम वहां पहुंची तो उन्होंने देखा कि एक सैंट्रो कार की ड्राइवर सीट पर शव पड़ा है और उसमें से दुर्गंध आ रही है।

अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान बाद में कॉन्स्टेबल अमनदीप सिंह के रूप में हुई, जो प्रशांत विहार थाने में तैनात था और आकस्मिक अवकाश पर था। फोटोग्राफर और फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ क्राइम ब्रांच की टीम को मौके पर बुलाया गया था। डीसीपी ने कहा कि उसके परिवार के सदस्यों को सूचित कर दिया गया है और धारा 174 सीआरपीसी (आत्महत्या पर पूछताछ और रिपोर्ट करने के लिए पुलिस) के तहत पूछताछ की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## मोहम्मद जुबैर को बड़ा झटका, जमानत अर्जी खारिज,कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली ,02 जुलाई 2022।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने जुबैर



की जमानत याचिका खारिज कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जुबैर की जमानत याचिका का विरोध करते हुए दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट ने दलील दी कि उसे कई देशों से फंडिंग को लेकर सबूत मिले हैं जिसको वैरिफाई करना है आगे दोबारा पूछताछ करनी पड़ सकती है, इसलिए फिलहाल जेल भेज दिया जाए। पुलिस जरूरत पडने़ पर दोबारा जुबैर की कस्टडी के लिए अर्जी लगा सकती है।

## राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के पास बचे हैं कोरोना वैक्सीन के 11 करोड़ से अधिक डोज

**नई दिल्ली, 02 जुलाई 2022।** देश के राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में कोरोना वैक्सीन की उपलब्धता को लेकर शनिवार सुबह स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपडेट जारी किया है। इसके अनुसार केंद्र की ओर से कोरोना वैक्सीन की मुहैया कराई जा रही खेप में 193.53 करोड़ डोज दिए गए हैं इसमें से 11.31 करोड़ डोज बैलेंस है। इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

मंत्रालय के अनुसार, देश में चलाए जा रहे कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत अब तक कोरोना




वैक्सीन के कुल 1,97,84,80,015 डोज दिए जा चुके हैं। इस क्रम में 12-14 साल के बच्चों को दिए गए कोरोना वैक्सीन की पहली डोज का आंकड़ा 3.68 करोड़ से अधिक है।

राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 197.84 करोड़ वैक्सीन दी जा चुकी है। मंत्रालय की ओर से यह भी बताया गया कि बीते 24 घंटों में देश में 17,092 नए संक्रमितों की पहचान हुई। कोरोना के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1.07 लाख हो गई है जो कुल मामलों का 0.25 फीसद है। दैनिक संक्रमण दर चार फीसद से घटकर 3.40 फीसद पर आ गई है और साप्ताहिक संक्रमण दर 3.59 फीसद दर्ज की गई है। मरीजों के स्वस्थ होने की दर 98.55 फीसद और मृत्युदर 1.21 फीसद है।



## कन्हैयालाल के हत्यारों की कोर्ट में पिटाई,लोगों ने जूते चप्पल और डंडो से बेदम पीटा

**जयपुर, 02 जुलाई 2022।** कन्हैयालाल के हत्यारों की कोर्ट परिसर में जमकर पिटाई कर दी गई, जिसके बाद पुलिस ने गुस्साएं लोगों के बीच से




हत्यारों को निकाला गया। कोर्ट ने आज कन्हैयालाल के हत्यारों को 12 जुलाई तक एनआईए कस्टडी में भेजा है।

बता दें, उदयपुर में 28 जून को टेलर कन्हैयालाल की दुकान में घुसकर दो हत्यारों ने निर्मम हत्या कर दी थी, जिसके बाद राजस्थान पुलिस ने कार्रवाई करते हुये रियाज और गौस मोहम्मद को नाकबंदी कर पकड़ा था।

आज इन आरोपियों को जयपुर की एनआईए कोर्ट में पेशी के लिए पेश किया गया था। पेशी के बाद जैसे ही पुलिस इन आरोपियों को लेकर बाहर निकली तो लोगों ने जूते चप्पल और डंडो से बेदम पिटाई कर दी। पिटाइ के बाद पुलिस ने जैसे तैसे आरोपियों को आक्रोशित भीड़ से बचाया और एनआई की कस्टडी में भेजा गया।

## केरल में दिल दहलाने वाली घटना,दो नाबालिग समेत परिवार के पांच लोग मिले मृत,पुलिस ने बताई आत्महत्या की क्या थी वजह

**तिरुवनंतपुरम, 02 जुलाई 2022।** केरल से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। तिरुवनंतपुरम के निकट कल्लम्बलम में शनिवार सुबह दो नाबालिग समेत एक ही परिवार के पांच सदस्य अपने घर में मृत पाए गए। घर का मालिक जहां एक कमरे में लटका हुआ पाया गया, वहीं अन्य चार सदस्यों को जमीन पर मृत देखा गया। पुलिस ने सूचना मिलते ही मामला दर्ज कर लिया है और सभी की मौत की असली वजह का पता लगाने में लगी है।

### जहरीला पदार्थ खाने का संदेह

पुलिस ने यह संदेह जताया है कि सभी लोगों ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन किया



है। उन्होंने बताया कि मरने वालों में पुरुष, उसकी पत्नी और दो किशोरों के अलावा घर की एक अन्य महिला रिश्तेदार भी शामिल है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ÷प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का एक संदिग्ध मामला है।

### आर्थिक समस्या बनी आत्महत्या की वजह!

पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद बताया कि उन्हें संकेत मिले हैं कि परिवार कुछ वित्तीय समस्या को लेकर चिंतित था। पुलिस ने हालांकि कहा कि हम विस्तृत जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं। उन्होंने बताया कि हादसे की खबर सुबह परिवार के एक करीबी के घर पर आने के बाद सामने आई।

## अमरावती हत्याकांड की जांच करेगी एनआईए,केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिए निर्देश

**मुम्बई, 02 जून 2022।** महाराष्ट्र के अमरावती में दुकानदार की हत्या



की जांच एनआईए को सौंप दी गई है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने इस मामले में निर्देश जारी कर दिए हैं। गौरतलब है कि अमरावती के दुकानदार उमेश कोल्हे की 21 जून को हत्या कर दी गई थी। बताया जाता है कि उमेश की हत्या नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने के विरोध में की गई है। मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**केमिस्ट की चलाते थे दुकान-** पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 54 साल के उमेश प्रहलादराव कोल्हे केमिस्ट की दुकान चलाते थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर नूपुर शर्मा के समर्थन में कुछ पोस्ट किया था। दावा है कि इसको लेकर ही 21 जून को उनकी हत्या कर दी गई। मामले में महाराष्ट्र पुलिस की टीम ने छह लोगों को गिरफ्तार किया था। इन सभी लोगों से पूछताछ चल रही है। वहीं एटीएस की टीम घटना के आतंकी पहलू को लेकर भी जांच में जुटी है। एटीएस अमरावती की घटना के उदयपुर कनेक्शन के तार तलाश रही है।

## नूपुर शर्मा के खिलाफ इस राज्य की पुलिस ने लुक आउट नोटिस किया जारी,दो बार भेजा था समन

**कोलकाता, 02 जून 2022।** कोलकाता पुलिस ने बीजेपी की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया है. कोलकाता पुलिस द्वारा नूपुर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसके लिए उन्हें पेश होने के लिए कहा गया था. नूपुर शर्मा के खिलाफ कोलकाता पुलिस ने 2 एफआईआर दर्ज की थीं. ये एफआईआर नारकेलडांगा और एमहर्स्ट स्ट्रीट थानों में दर्ज हुई थीं.

बता दें कि, पैंगबर पर विवादित टिप्पणी को लेकर पहले कोलकाता पुलिस के पूर्वी उपनगरीय डिवीजन के तहत नारकेलडांगा पुलिस स्टेशन से नूपुर शर्मा को नोटिस भेजा गया था. उन्हें 20 जून को पुलिस स्टेशन में उपस्थित होने के लिए कहा गया था. हालांकि,



नूपुर शर्मा ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अंतिम समय पर आने से इनकार कर दिया था.

**दो बार भेजा जा चुका है समन**

इसके बाद कोलकाता के एमहर्स्ट स्ट्रीट थाने में भी नूपुर शर्मा के खिलाफ शिकायत दी गई थी. एमहर्स्ट स्ट्रीट थाने की ओर से भी नूपुर शर्मा को समन जारी किया गया था. नूपुर शर्मा को 25 जून को उक्त पुलिस स्टेशन में उपस्थित होना था. हालांकि, नूपुर शर्मा का एक पत्र उसी दिन ईमेल के जरिए कोलकाता पुलिस के पास पहुंचा, जिसमें उन्होंने पेश होने के लिए कुछ और समय मांगा. उन्होंने कहा कि अगर वह शहर में आती हैं तो उन्हें हमले की आशंका है.

विवादास्पद टिप्पणियों पर देशव्यापी तनाव के बाद, भाजपा ने नूपुर शर्मा को पार्टी से निलंबित कर दिया था. जिसके बाद नूपुर शर्मा के खिलाफ कई राज्यों के थानों में केस भी दर्ज किए गए थे. बीते दिन सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा को फटकार भी लगाई थी. कोर्ट ने कहा था कि नूपुर शर्मा की हल्की जुबान ने पूरे देश में आग लगा दी. कोर्ट ने नूपुर शर्मा से देश से माफी मांगने के लिए कहा था.।

## तेलंगाना सरकार को गिराकर दिखाओ, मैं केंद्र में आपकी सरकार गिरा दूंगा : केसीआर की बीजेपी को चुनौती

**हैदराबाद ,02 जुलाई 2022।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि वह राज्य में अपनी सरकार गिराने के लिए भाजपा का इंतजार करेंगे। मुख्यमंत्री ने विपक्ष



के राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का स्वागत करते हुए कहा, मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं। मैं आजाद हो जाऊंगा और फिर केंद्र में आपकी सरकार गिरा दूंगा। केसीआर ने कहा कि तेलंगाना में बैठे केंद्रीय मंत्री अब दावा कर रहे हैं कि महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी सरकार गिरने के बाद तेलंगाना में टीआरएस सरकार के गिरने का समय आ गया है। केसीआर ने कहा, देश में जो कुछ भी हो रहा है वह गलत है। ऐसे में हमें चुप नहीं रहना चाहिए। हमें बदलाव की जरूरत है, लेकिन बदलाव के नाम पर कुछ भी नहीं। हमें भारतीय राजनीति में गुणात्मक बदलाव लाने की जरूरत है।

## 5 हजार फीट की ऊंचाई पर विमान में अचानक फैला धुआं,कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग...

**नईदिल्ली, 02 जुलाई 2022।** स्पाइसजेट के विमान में आज सुबह होते होते एक बड़ा हादसा टल गया। 5000 फीट की उचाई से गुजरते वक्त केबिन में अचानक धुआं ही धुआं फैल गया, जिसे देखते ही विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। धुआं भरते ही यात्रियों का दम घुटने लगा। एसी बंद हो जाने से यात्री परेशान हो गए। फ्लाइट की वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

दरअसल, शनिवार दिल्ली एयरपोर्ट से सुबह 6:15 पर उड़ान भरी थी। कुछ मिनिट बाद विमान में चिंगारी उठी और प्लेन के भीतर धुआं भर गया। एक यात्री ने बताया कि टेकऑफ के करीब 15 मिनिट बाद ही प्लेन में चिंगारी निकली और धुआं भर गया। सांस लेने में तकलीफ हुई तो यात्री मैगजीन और कपड़े धुआं उड़ाते रहे। इस फ्लाइट के डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आने का समय सुबह 8:30 बजे का है। इमरजेंसी लैंडिंग



के बाद यात्रियों से 10:00 बजे तक दूसरे फ्लाइट से जबलपुर भेजने का कहा था। दूसरी फ्लाइट 10:30 बजे दिल्ली से जबलपुर के लिए टेकऑफ हुई। इसमें 60-70 यात्री थे। सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

एक यात्री सौरभ छाबड़ा ने ट्विटर पर वीडियो शेयर किया। साथ में उसने लिखा कि आज सुबह इस घटना का सामना करना पड़ा। ऐसा लगता है कि स्पाइसजेट यात्रा के लिए अब असुरक्षित है। एक बार को तो यात्री घबराने लग गए थे, वह वापस दिल्ली लौट आए हैं। विमान में आग लग गई थी। शुक्र है कि हम सुरक्षित हैं उन्होंने यह भी लिखा वह लंबे समय से फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन स्पाइसजेट के पास बैकअप नहीं है।

इससे पहले पिछले महीने 19 जून को भी स्पाइसजेट के पटना से दिल्ली जा रहे विमान में आग लग गई थी। विमान के इंजन में खराबी के चलते लगी आग से यात्रियों में हड़कंप मच गया था। उस दौरान विमान में 185 यात्री सवार थे। हालांकि विमान कंपनी ने कहा था कि उड़ान के दौरान एक पक्षी टकराने के चलते यह हादसा हुआ था।

## सुरंग मिलने से फैली सनसनी, युवक ने किया बड़ा दावा

**नई दिल्ली, 02 जुलाई 2022।** एक युवक ने रेलवे स्टेशन के नीचे सीक्रेट सुरंग खोजने का दावा किया. उसने इसका एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वो अपने दोस्तों के साथ स्टेशन की सीढ़ियों के नीचे लगे मेटल कवर को हटाते हुए नजर आ रहा है. कवर हटते ही एक सुरंग दिखाई देती है.

युवक ने दावा किया कि यह वास्तव में एक सीक्रेट सुरंग ही है, जो एक गुप्त दरवाजे की ओर ले जाती है. युवक ने कहा कि उसे ये बात कई साल से पता थी. उसके वीडियो को देखने के बाद लोग हैरान हैं.



द सन की रिपोर्ट के मुताबिक, ये घटना ब्रिटेन के Sheffield शहर की है और सीक्रेट सुरंग खोजने का दावा करने वाले 23 साल के इस युवक का नाम ल्यूक डौथवेट है. ल्यूक ने हाल ही में टिकटॉक पर एक वीडियो शेयर कर सनसनी मचा दी, जिसमें दावा किया गया कि शहर के एक बिजी रेलवे स्टेशन के नीचे सीक्रेट सुरंग है.

ल्यूक डौथवेट ने TikTok पर जो वीडियो शेयर किया है, उसमें वो अपने दोस्तों के साथ रेलवे स्टेशन की सीढ़ियों के पास नजर आ रहा है. जैसे ही ल्यूक सीढ़ी के निचले हिस्से में लगे मेटल की परत को हटाता है, सामने एक कथित सुरंग दिखाई देती है. उसने बताया कि मेटल की परत से इसको छिपाया गया था.

हालांकि, पेशे से टेक्नीशियन ल्यूक इस सुरंग में प्रवेश नहीं करता है. वो बस इतना कहता है ये सुरंग कब और किसलिए बनाई गई थी, इस बारे में आप सब लोग सोचिए. ल्यूक के TikTok Video को 5 लाख से अधिक व्यू मिल चुके हैं. हजारों लोगों ने इसे लाइक किया है और इसपर रिएक्ट किया है.

एक यूजर ने कहा- ये पानी की सुविधा के लिए बनाया गया पंप रूम होगा. वहीं, दूसरे ने कहा- स्टेशन के नीचे भला सुरंग का क्या काम. एक अन्य यूजर ने कहा- ये कोई छोटी-मोटी टनल हो सकती है, सुरंग नहीं. जबकि, ल्यूक का कहना है कि उसे कुछ साल पहले ये सुरंग मिली थी. ल्यूक इसे सुरंग के अलावा और कुछ नहीं मानते हैं.।

# संपादकीय

## तेल का खेल है

अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों ने उम्मीद की थी कि रूस पर उनके प्रतिबंध लगाने के बाद रूस के लिए तेल बेचना मुश्किल हो जाएगा। इससे उसकी अर्थव्यवस्था ढह जाएगी। लेकिन कई देशों ने इसे अपने लिए सस्ता तेल पाने का एक मौका बना लिया।

यूक्रेन युद्ध को लेकर पश्चिमी देशों की रणनीति अगर कारगर नहीं हुई है, तो उसका बड़ा कारण रूस के पास मौजूद तेल की ताकत है। अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों ने उम्मीद की थी कि रूस पर उनके प्रतिबंध लगाने के बाद रूस के लिए तेल बेचना मुश्किल हो जाएगा। इससे उसकी अर्थव्यवस्था ढह जाएगी। लेकिन कई देशों ने इसे अपने लिए सस्ता तेल पाने का एक मौका बना लिया। उनमें प्रमुख चीन और भारत हैं। नतीजा यह हुआ कि जहां तेल और प्राकृतिक गैस की महंगाई से अमेरिका और यूरोप में हाहाकार मचा हुआ है, वहीं भारत और चीन अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में हैं। इससे रूस को सहारा मिला। रूसी अर्थव्यवस्था उस तरह नहीं ढही, जिसकी उम्मीद पश्चिमी देशों ने की थी। उलटे डॉलर की तुलना में रूस की मुद्रा की कीमत रुबल आज सात साल के सबसे ऊंचे स्तर पर है।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक मई में चीन ने रूस से अपना तेल आयात और बढ़ा दिया। अब वह रूस का सबसे बड़ा तेल आयातक बन गया है। उधर सऊदी अरब को पीछे छोड़ते हुए रूस चीन का सबसे बड़ा तेल निर्यातक बन गया है। चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। पिछले महीने उसने रूस से 84.2 लाख टन तेल आयात किया। फरवरी 2021 की तुलना में यह 55 प्रतिशत ज्यादा है। मई में चीन ने सऊदी अरब से 78.2 लाख टन तेल खरीदा था। 24 फरवरी को रूस ने यूक्रेन में सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। जिन देशों ने इस कार्रवाई के लिए रूस की आलोचना नहीं की है, उनमें भारत के अलावा चीन का भी नाम है। चीन ने संयुक्त राष्ट्र में कई प्रस्तावों पर रूस का साथ भी दिया है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की स्थिति में उसके उत्पाद खरीद कर चीन ने रूस की आर्थिक मदद भी की है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की तेल के बारे में ताजा अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो महीनों में भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के मामले में जर्मनी को पीछे छोड़ दिया है और वह उसका दूसरा सबसे बड़ा आयातक बन गया है।

## द्रौपदी मुर्मु के प्रतीक से क्या बदलेगा?

भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पार्टी की नेता द्रौपदी मुर्मु को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है। पूरे देश में इस बात की चर्चा हो रही है कि देश में पहली बार कोई अदिवासी राष्ट्रपति बनेगा और वह भी महिला आदिवासी! यह सचमुच गर्व और संतोष करने वाली बात है कि देश के सबसे हाशिए पर के समूह का कोई व्यक्ति देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठेगा। लेकिन सवाल है कि इससे क्या बदल जाएगा? क्या इससे देश के आदिवासियों की दशा में सुधार होगा? क्या जल, जंगल और जमीन की उनकी लड़ाई को कामयाबी मिलेगी? क्या नक्सली होने का ठप्पा उनके ऊपर से हट जाएगा? क्या विकास के नाम पर विस्थापित किए गए लाखों आदिवासियों को उनकी जमीनें वापस मिल जाएंगी? क्या वन संपदा पर उनका अधिकार मान लिया जाएगा? क्या उनके घर उजाड़ कर घने जंगलों में चल रही माइनिंग बंद हो जाएगी? ऐसी कोई भी उम्मीद करना बेमानी है।

-हरिशंकर व्यास-

## मिलता नहीं सभी को



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

मिलता नहीं सभी को ये प्यार मेंरे यार
कहीं पे गुल खिले तो कहीं ख़ार मेरे यार
रखते हैं कदम फिर भी इस राह में सभी
थमा सा वक्त है कहीं रफ़्तार मेंरे यार
इस बेखुदी में डूबा हर शख्स है यहां
खुशी कहीं पे अश्क ज़ार ज़ार मेंरे यार
रौशन किया हर दिल को इस नूर से मगर
सहरा है कहीं ज़ानिब बहार मेंरे यार
हरसू तपिश है लेकिन एहसास है जुदा
स्वाती कोई बेज़ार कुछ बेदार मेंरे यार

## इतवार



प्रियंका अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

मुद्दत हुई चाहा था, कि थोड़ा प्यार मिल जाए
अपनापन हो जिसमें, वो अधिकार मिल जाए
फूल ही फूल हों खिले, जहाँ तक नज़र पहुंचे
जिंदगी को मेरी वो गुल-ए-गुलज़ार मिल जाए
मैं चांद बनकर आऊँ, तुम चांदनी सी बिखरना
एक वस्ल की हो रात, और क़रार मिल जाए
हम उन्हें दिल-ओ-जान से इकतरफा ही चाहें
क्यों न हमें उनका प्यार हर बार मिल जाए?
बेझिझक बेहिचक जो चंद पुरसुकून लम्हे,
काश! फिर कोई ऐसा इतवार मिल जाए!

## सूखा दरिया



ओमप्रकाश बिन्जवे
राजसागर
भोपाल मध्यप्रदेश

सूखा दरिया है आबशार नहीं।
के आबे हयात पे ऐतबार नहीं।
जब मिलेंगे वो हम कयामत में,
उस लम्हें का भी इंतज़ार नहीं।
एक ख़ामोशी है उनसे बिछड़ के,
दश्त ए दर में रेत का गुबार नहीं।
उजड़ ही चुका है दिल का वो चमन,
के कलियां नहीं कोई ख़ार नहीं।
मेंरी मोहब्बत की गवाह थी कभी,
वो बादे सबा वो अहदे बहार नहीं।

# जीएसटी काउंसिल की 47 वीं दो दिवसीय बैठक में कई अहम फैसले-नई दरें 18 जुलाई 2022 से लागू

## आम आदमी की ज़रूरत से जुड़ी कई वस्तुओं सेवाओं पर टैक्स बढ़ाने के फैसले से महंगाई में वृद्धि होने की संभावना



किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

कोविड-19 महामारी की भयंकर त्रासदी से कुछ हद तक राहत पाने के बाद अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कुछ सख्त कदम कुछ राहतें देने कोविड के बाद छह माह के अंतराल पर यह दूसरी और जीएसटी की 47 वीं दो दिवसीय बैठक 28 - 29 जून 2022 को केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में संपन्न हुई जिसमें जीओएम की चार सिफारिशों पर भी चर्चा हुई जिसमें कई बड़े निर्णय हुए। पीआईबी द्वारा सिफारिशों की जो सूची जारी की गई है उसका अध्ययन करने पर हम देखेंगे के अधिकतम दरों में इजाफा किया गया है याने 5 से 12 फ़ीसदी और 12 से 18 फ़ीसदी और कुछ नए माल, सेवाओं पर पांच फ़ीसदी से 12 फ़ीसदी कर लगाया गया है!! इन बढ़ी हुई दरों का सीधा सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा जो स्वाभाविक रूप से हम समझ सकते हैं। परंतु लंबे समय से चल रहे मुद्दे कसीनो, लाटरी, ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ जैसे मामलों में 28 फ़ीसदी जीएसटी लगाने का मामला फिर टाल दिया गया है और मंत्री समूह से इसपर फिर से विचार कर 15 जुलाई तक रिपोर्ट देने को कहा गया है और अब अगली बैठक 1 अगस्त 2022 को होने का अनुमान है।

साथियों बात अगर हम महंगी होने वाली वस्तुओं की करें तो अनेक वस्तुओं, सेवाओं को नए सिरे से टैक्स के दायरे में लाया गया है और कुछ सेवाओं को 5 से बढ़ाकर 12फ़ीसदी के दायरे में कुछ को12 से 18 फ़ीसदी के दायरे में लाया गया है जिससे आम जनता की जेब पर असर पड़ेगा याने पीआईबी की सूची के अनुसार, जिन वस्तुओं पर दरें बढ़ाई गई हैं, उनमें प्री-पैकेज्ड और लेबल वाले आटा और चावल शामिल हैं। भले ही वो गैर-ब्रांडेड क्यो न हों, उनपर 5 फीसदी की दर से टैक्स लगेगा, इसके अलावा मीट, मछ्ली, दही, पनीर और शहद जैसे प्री-पैक्ड और लेबल्ड खाद्य पदार्थों पर भी इसी दर से टैक्स लगेगा यानी ये सभी खाद्य पदार्थ अब महंगे होने जा रहे हैं, इसके अलावा गुड़, विदेशी सब्जियां, अनरोस्टेड कॉफी बीन, अनप्रोसेस्ड ग्रीन टी, व्हीट ब्रान और राइस ब्रान को भी छूट से बाहर रखा गया है। नई दरें 18 जुलाई 2022 से प्रभावी होंगी।

साथियों, सोलर वॉटर हीटर, फिनिश्ड लेदर पर टैक्स 5 फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी कर दिया गया है। एलईडी लैंप, स्याही, चाकू, ब्लेड, बिजली से चलने वाले पंप, डेयरी मशीनरी को 12 फीसदी के दायरे से बढ़ाकर अब 18 के दायरे में लाया गया है। इसके अलावा अनाज की मिलिंग मशीनरी पर टैक्स 5 सदी से बढ़ाकर 18 फीसदी करने का फैसला किया गया है।अब बजट होटल में रहना महंगा हो जाएगा, दरअसल, एक हज़ार रुपये प्रति दिन से कम के होटल के कमरों पर 12 फीसदी की दर से टैक्स लगाया जाएगा, फिलहाल ऐसे कमरे कर मुक्त श्रेणी में आते हैं। इसके अलावा बैठक में चेक जारी करने के लिए बैंक द्वारा वसूले जाने वाले शुल्क पर भी 18 फीसदी की दर से जीएसटी लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

साथियों, बात अगर हम टैक्स में राहत से आम आदमी को सुविधाओं की करें तो बैठक में असंगठित क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छोटे ऑनलाइन कारोबारियों के लिए अनिवार्य पंजीकरण को माफ करने पर सहमति व्यक्त की है। कानून में बदलाव 1 जनवरी, 2023 से लागू किए जाएंगे। काउंसिल के मुताबिक, इस फैसले से लगभग 1.2 लाख छोटे व्यापारियों को फायदा होगा।बैठक मेंकंपोजीशन डीलरों को ई-कॉमर्स ऑपरेटरों के माध्यम से इंट्रास्टेट आपूर्ति करने की भी अनुमति दी गई। ट्रांसपोर्ट सेक्टर में रोपवे पर जीएसटी दर में कटौती को मंजूरी मिल गई है। इसके बाद माल ढुलाई सस्ता होने की संभावना है। इसके अलावा ईंधन लागत सहित माल ढुलाई को किराए पर देने और टूर पैकेज के विदेशी कंपोनेंट्स को जीएसटी से छूट देने पर भी सरकार की ओर से राहत देने का फैसला लिया गया है। काउंसिल ने यह प्रस्ताव भी दिया है कि माल ढुलाई के किराए पर जीएसटी दर को 18 फीसदी से कम किया जाए।

साथियों, आर्थोपेडिक उपकरण स्प्लिंट्स और अन्य फ्रैक्चर उपकरण, शरीर के कृत्रिम अंग, अन्य उपकरण जो किसी दोष या अक्षमता के बदले पहने या ले जाए जाते हैं या शरीर में प्रत्यारोपित किए जाते हैं और इंट्राओकुलर लेंस पर अब 12 फ़ीसदी से घटाकर 5 फ़ीसदी कर दिया गया है।

डिफेंस आइटम, प्राइवेट संस्था या वेंडर द्वारा स्पेशल इंपोर्टेड डिफेंस आईटम पर जीएसटी से छूट मिलेगी। लेकिन यह छूट तब मिलेगी जब इंड यूजर डिफेंस फोर्सेज होंगी। अस्पताल के बिस्तर, अस्पताल द्वारा प्रति रोगी प्रति दिन पांच हज़ार रुपये से अधिक के कमरे के किराये (आईसीयू को छोड़कर) पर 5 फीसदी जीएसटी लगाया गया है।

जीएसटी परिषद की सिफारिशों को इस विज्ञप्ति में प्रस्तुत किया गया है जिसमें सभी हितधारकों की जानकारी के लिए सरल भाषा में निर्णयों के प्रमुख विषय शामिल हैं। इसे प्रासंगिक परिपत्रों/अधिसूचनाओं/कानून संशोधनों के माध्यम से प्रभावी किया जाएगा, जिनमें एकांकी रूप से कानूनी शक्ति प्रदान की जाएगी। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि जीएसटी की मार जनता पर भार!!!जीएसटी की 47 वीं दो दिवसीय बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। नई दरें 18 जुलाई 2022 से लागू होंगी आम आदमी की जरूरत से जुड़ी कई वस्तुओं सेवाओं पर टैक्स बढ़ाने के फैसले से महंगाई में वृद्धि होने की संभावना है।

## गीतिका-प्रदूषण और प्रकृति



आशा शुक्ला,
शाहजहांपुर, उत्तरप्रदेश

मौन होकर प्रकृति रो रही।
कर रुदन निज वदन धो रही।।
पुष्प सज्जित हरी चूनरी।
हो मलिन रंग -शुचि खो रही ।।
जल लहर -करधनी कटि सजी।
सूखकर सूत सी हो रही ।।
शस्य श्यामल हरी कृषि धरा।
बीज विष निज उदर बो रही ।
नित प्रदूषण गरल सोखकर।
काल के गर्त में सो रही।।
आपदा के कई रूप में।
अब प्रकृति बोझ को ढो रही।।

## परबुधिया



लीलाराम साहू
गरियाबंद,छत्तीसगढ़

घर परिवार ल बैरी जान
पर ल हितवा माने
अपन बुध ल छोड़के
पर के बुध ल माने
पर शिकारी कस दाना फेंक
तोला माया म भरमाय
तैहा सुआ कस रे
पर भाखा म भाखा मिलाय
पर के बताय रददा म
आंखी मुंद के रेंगत हस
अपन घर ल टोरके
पर के घर ल भरत हस
पर के करत हस भरोसा
बिपत म तोर दुरयाही
तब तै काहा जाबे
अऊ कोन तोला पतियाही
अभी घलो बेरा हे
अंधियार म बर ले दीया
नईते पर बुध म रेंग के
कहावत रबे तै परबुधिया

# जमीन की उत्पादकता को खत्म कर देता है सिंगल यूज़ प्लास्टिक

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध बेहद जरूरी



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़,नई दिल्ली

केन्द्र सरकार द्वारा कुछ प्रकार के सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध एक जुलाई से देशभर में लागू कर दिया गया है। प्रतिबंधित प्लास्टिक में ईयरबड्स, गुब्बारे के लिए प्लास्टिक की छड़ें, झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, पॉलीस्टाइनिन (थर्मोकोल), प्लेट, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, पुआल, ट्रे, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट के पैकेट, 100 माइक्रोन से कम के प्लास्टिक, पीवीसी बैनर, स्टिरर रैपिंग या पैकेजिंग इत्यादि शामिल हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध इसलिए बेहद जरूरी था क्योंकि प्लास्टिक प्रदूषण में इनका बड़ा योगदान रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2022 तक एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं को चरणबद्ध तरीके से नियंत्रित करने के आह्वान के पश्चात् पर्यावरण मंत्रालय द्वारा 12 अगस्त 2021 को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम 2021 जारी किया गया था और 1 जुलाई 2022 से भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा करते हुए 'सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त भारत' बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया था। करीब तीन वर्ष पूर्व स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से देश को प्लास्टिक कचरे से मुक्त कराने का अभियान छेड़ने का आह्वान किया था और उसके बाद उन्होंने 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से भी देशवासियों से देश को प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने की अपील करते हुए तमाम सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं से आग्रह किया कि वे प्लास्टिक कचरे का निस्तारण करने के लिए आगे आएं। सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ इस अभियान का अहम कारण यही है कि यदि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं रोका गया तो भू-रक्षण का नया स्वरूप सामने आएगा और फिर जमीन की उत्पादकता को वापस प्राप्त करना नामुमकिन होगा।

दरअसल सिंगल यूज प्लास्टिक प्रायः प्लास्टिक की ऐसी वस्तुएं होती हैं, जो रीसाइक्लिंग प्रक्रिया के लिए नहीं जाती बल्कि इन्हें केवल एक बार इस्तेमाल करने के बाद फैंक दिया जाता है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को प्रभावी ढ़ंग से लागू करने के लिए राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं तथा प्रतिबंधित वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री व उपयोग की जांच के लिए विशेष प्रवर्तन दल भी गठित किए गए हैं। प्रतिबंध लागू




होने के बाद राज्य सरकारें एक अभियान शुरू कर ऐसी वस्तुओं के निर्माण, वितरण, भंडारण और बिक्री से जुड़ी इकाईयों को बंद कराने की पहल करेंगी तथा प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसके तहत जुर्माना, जेल की सजा या दोनों शामिल हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा लोगों की मदद लेने के लिए एक शिकायत निवारण ऐप भी शुरू किया गया है। हालांकि एफएमसीजी क्षेत्र में पैकेजिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध नहीं है लेकिन अधिकारियों के मुताबिक इसे विस्तारित निर्माता उत्तरदायित्व (ईपीआर) दिशा-निर्देशों के अंतर्गत रखा जाएगा।

सिंगल यूज प्लास्टिक 'स्वच्छ भारत अभियान' में सबसे बड़ी बाधा है, इसीलिए प्लास्टिक कचरे की विकराल होती समस्या के मद्देनजर इससे उत्पन्न होने वाली पर्यावरणीय समस्याओं पर कुछ हद तक लगाम कसने के लिए सरकार को इस तरह के प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने का निर्णय लेना पड़ा। 'प्लास्टिक मुक्त भारत' अभियान से जुड़े अधिकारियों का दावा है कि सिंगल यूज प्लास्टिक में पॉलीथीन, प्लास्टिक के कप-प्लेट, बोतलें, स्ट्रा, कुछ प्रकार के सैशे इत्यादि पर प्रतिबंध लग जाने से भारत में 14 मिलियन टन प्लास्टिक की खपत कम हो जाएगी, जिससे सालाना प्लास्टिक की खपत में 5-10 फीसदी तक की कमी आएगी लेकिन यह लक्ष्य तभी हासिल हो सकेगा, जब नियमों को सख्ती से लागू कराने के प्रति केन्द्र तथा राज्य सरकारें गंभीर होंगी और लोगों को भी इस दिशा में जागरूक किया जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक ऐसा प्लास्टिक है, जिसे हम एक बार इस्तेमाल कर कूड़े में फैंक देते हैं। पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाशित अपनी पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें में मैंने प्लास्टिक के मानव जीवन पर पड़ते दुष्प्रभावों का बहुत विस्तार से उल्लेख किया है। पुस्तक में स्पष्ट उल्लेख है कि प्लास्टिक की थैली केवल पांच सैकेंड में ही तैयार हो जाती है, जिसका लोग प्रायः पांच मिनट ही इस्तेमाल करते हैं लेकिन जिसे गलकर नष्ट होने में पांच सौ वर्ष लग जाते हैं। प्लास्टिक की एक थैली को नष्ट होने में 20 से 1000 साल तक लग जाते हैं जबकि एक प्लास्टिक की बोतल को 450 साल, प्लास्टिक कप को 50 साल और प्लास्टिक की परत वाले पेपर कप को नष्ट होने में करीब 30 साल लगते हैं।

प्रतिवर्ष उत्पादित प्लास्टिक कचरे में से सर्वाधिक प्लास्टिक कचरा सिंगल यूज प्लास्टिक का ही होता है और इसका खतरा इसी से समझा जा सकता है कि ऐसे प्लास्टिक में से केवल 20 फीसदी प्लास्टिक ही रिसाइकल हो पाता है, करीब 39 फीसदी प्लास्टिक को जमीन के अंदर दबाकर नष्ट किया जाता है, जिससे जमीन की उर्वरक क्षमता प्रभावित होती है और यह जमीन में केंचुए जैसे जमीन को उपजाऊ बनाने वाले जीवों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर देती है। 15 फीसदी प्लास्टिक जलाकर नष्ट किया जाता है और प्लास्टिक को जलाने की इस प्रक्रिया में बड़ी मात्रा में वातावरण में उत्सर्जित होने वाली हाइड्रो कार्बन, कार्बन मोनोक्साइड तथा कार्बन डाईऑक्साइड जैसी गैसें फेफड़ों के कैंसर व हृदय रोगों सहित कई बीमारियों का कारण बनती हैं। बहरहाल, प्लास्टिक प्रदूषण से छुटकारा पाने का एकमात्र उपाय यही है कि लोगों को इसके खतरों के प्रति सचेत और जागरूक करते हुए उन्हें हर तरह के प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने को प्रेरित किया जाए।

## कहानी — प्यार की टीस



राकेश कुमार तगाला
पानीपत,हरियाणा

रीमा दीदी का विरोध मैं सह नहीं पा रही थी।मेरे प्रति उनके मन में इतनी कड़वाहट कैसे हो सकती हैं?सगी बहन का यह रूप मैंने पहली बार ही महसूस किया था। पर क्यूँ रीमा दीदी अपनी बात मनवाने पर अड़ी थी? मैंने क्या बिगाड़ा था उनका? मेरे प्रति इस बेरुखी का क्या कारण था?मैं समझ नहीं पा रही थीं। प्यार ही तो किया था मैंने? क्या गुनाह कर दिया था?रीमा दीदी ने जब से सुना था कि मैंने प्यार किया है।उन्होंने सारा घर सिर पर उठा लिया था।

क्या कमी थीं रमेश में?सीधा-साधा और सरल स्वभाव का होनहार लड़का था।उसका काम-धन्धा भी अच्छा है।और क्या चाहिए एक लड़की को?मैं अब बच्ची नहीं थीं,अपना भला-बुरा खूब समझती हूँ।मुझें पता है रीमा दीदी मुझसे ईर्ष्या रखती है।पर स्पष्ट कह नहीं सकती थी।

सीमा, तुम मेरी बात अच्छी तरह से समझ लो।अब रमेश से अधिक मेल-जोल बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है।तुम अभी इतनी समझदार नहीं हो कि अपनी जिंदगी का इतना अहम फैसला कर लो। तुम्हारी जिंदगी पर हमारा भी उतना ही हक है,जितना तुम्हारा। मैंने तुम्हें माँ से अधिक लाड़-प्यार दिया है। छोटी सी थी तुम, तब से तुम्हें मैंने बेटी की तरह पाला है। समझ रही हो ना मैं क्या कर रही हूँ?चुपचाप मत बैठी रहो। कुछ तो बोलो। क्या बोलूं दीदी? मैं सब समझ रही हूँ।मैं अपने आप को संभालने की कोशिश कर रही हूँ।मैं आपका अपमान नहीं करना चाहती हूँ।

पर वह मन ही मन सोच रही थी।आखिर दीदी ने शादी क्यों नहीं की?उनके लिए एक से एक सुंदर रिश्ता आया था। वह अपनी जिद पर अड़ी रही। क्या कमी थीं उनमें सुंदर काया उच्च-शिक्षा?आज भी दीदी मुझसे अधिक सुन्दर लगती थीं।वह हर मामले में मुझसे बेहतर ही थीं।चाहे शिक्षा हो या रूप-सौंदर्य और बोलने का ढ़ंग तो सोने पे सुहागा।वह उम्र में मुझसे दस वर्ष बड़ी हैं,पर कोई कह नहीं सकता कि वह मुझ से दस वर्ष बड़ी होगी। मुश्किल से एक साल का फर्क लगता था हम दोनों में।रमेश तो दीदी का दीवाना हैं।हमेशा कहता है,सीमा दीदी तो बला खूबसूरत है।बिल्कुल किसी फ़िल्मी हीरोइन की तरह।

वह दीदी की सूरत से ही प्रभावित नहीं था। उसे तो उनका स्वभाव भी बहुत अच्छा लगता था।वह हमेशा एक बात पर जोर देता रहता था। मुझे लगता दीदी के इस हसीन चेहरे के पीछे कोई गहरा राज छिपा है।राज कैसा राज?तुम भी बिल्कुल पागल हो रमेश। जासूसी किताबें पढ़ते- पढ़ते तुम भी जासूसों की तरह ही बात करने लगे हो।तभी तो दीदी की जासूसी करने लग जाते हो।तुम्हें नहीं पता वह हमेंशा ऐसे ही चुपचाप रहती हैं।उनका कोई राज नहीं है।अच्छा यह बताओ तुम,उन्होंने आज तक अपना घर क्यों नहीं बसाया?इसमें राज की क्या बात है?हो सकता है उन्हें कोई पसंद ही ना आया हो।

कभी-कभी मन मान जाना चाहता था कि रमेश जो कह रहा है,वहीं सत्य हो। जरूर कोई राज छिपा रखा है दीदी ने अपने सीने में।क्या मैं भी जासूसी करने लग पड़ी दीदी की?सही कहते हैं लोग जैसी संगत वैसी रंगत।मुझ पर भी रमेश संगत का ही रंग चढ़ गया है। तभी तो मैं भी दीदी के अतीत में झाँकने की कोशिश कर रही हूँ।

मुझें पता है दीदी मान जाएगी, मेरे रिश्ते के लिए।दीदी ने बचपन से जवानी तक मेरा बड़ा ख्याल रखा है। पल- पल मुझें समझाया है।जब कभी भी मेरा मन उदास होता था किसी बात पर।चुटकियों में दीदी मेरी समस्या को हल कर देती थी।आज रमेश की मम्मी से मिलने भी जाना हैं।यह पहली बार नहीं था,पहले भी में उनके घर आती जाती रहती थी।जब भी मम्मी से मिलती हूँ। मम्मी मुझे गले से लगा लेती है।वे मुझे ऐसे दुलार करती है जैसे मैं छोटी बच्ची हूँ।

हरे रंग का सूट पहनकर बाहर निकली ही थी कि दीदी पीछे-पीछे चली आई।कहाँ जा रहे हो तुम?और यह हरा सूट क्यों पहना हैं? तुम्हें हमेशा लाइट कलर के कपड़े ही पहनने चाहिए।पर मैं देख रही हूँ। आजकल तुम मेरी बातों पर ध्यान नहीं दे रही हो।

अच्छा छोड़ो,मेरे पास तो बहुत काम है।तुम जो चाहो पहनो। वह दौड़ती हुई अंदर चली गई।मूड बहुत खराब था। पता नहीं इस टोका-टाकी से कब आजादी मिलेगी? फिर खुद ही सोच में डूब गई। हो सकता है यह कलर सचमुच मुझ पर खिल ना रहा हो।आज लाइट कलर ही पहन कर जाऊंगी।कदम खुद ही अलमारी की तरफ चल पड़े।

रमेश का फोन देख कर माथा ठनका। इतनी मिस कॉल मुझें किसी ने बताया क्यों नहीं? मैं खुद ही कॉल कर लेती हूँ। नहीं तो मुँह फुला कर बैठ जाएंगा।उसकी ये आदतें तो औरतों से भी बुरी हैं।छोटी-छोटी बातों पर मुँह फुला लेता है।पर उसका फूला हुआ मुँह बहुत अच्छा लगता है।कैसे बच्चों की तरह करता है? हम सभी कभी ना कभी बच्चे की तरह व्यवहार करते हैं।बराबर फोन करती रही पर फोन किसी ने नहीं उठाया।अजीब सी बेचैनी हो रही थी।

दीदी एक कप चाय बना दोगी क्या? हां -हां अभी लाती हूँ। दीदी भी कैसी है? कभी कितना प्यार दिखाती हैं लगता है मुझसे भाग्यवान कोई नहीं है। मेरी छोटी से छोटी इच्छा शीघ्र पूरी कर देती हैं। दीदी चाय का कप टेबल पर रख कर मेरे साथ ही बैठ गई। किसी किस्म की कोई बातचीत नहीं कर रही थी।मैंने ही बातों का सिलसिला शुरू कर दिया था।दीदी चाय बहुत अच्छी बनी है।अच्छा जी,वह हँसी थी।आज मुझें मक्खन क्यों लगा रही हैं?

नहीं दीदी, आपके हाथ से बनी हर चीज में दुगना स्वाद होता है। अरे वाह तारीफ के पुल कुछ ज्यादा ही बांध रही हो।तुम्हें कुछ चाहिए क्या? जैसे दीदी भांप गई हो।नहीं-नहीं दीदी।कहो क्या कहना चाहती हो? कुछ नहीं दीदी आप तो ऐसे ही परेशान हो रही हो? ऐसी कोई बात नहीं हैं।


आंटी घर पर हो क्या? हां- हां आ जाओ मेरी रानी बिटिया। आजकल तुम ईद का चाँद हो गई ।इस घर की तरफ तुम्हारे कदम ही नहीं पड़ते। आप क्या कह रही होआंटी।पिछले सप्ताह ही तो आई थी।मेरी रानी बेटी मैं तो चाहती हूँ तुम सदा के लिए मेरे पास ही रह जाओ। मन तो कह रहा था। कह दूं मैं तो हमेशा के लिए आपके पास आना चाहती हूँ। पर कुछ कह ना सकी। अरे आज तो तुम बहुत सुंदर लग रही हो,लाइट कलर के सूट में।तुम बिल्कुल परी जैसी लग रही हो।सच आंटी!हाँ, तुम्हें मेरी नजर ना लग जाए।काला टीका लगा देती हूँ।और हम दोनों खिलखिला कर हँस पड़े।उन्होंने अपना दुआओं का पिटारा खोल दिया।मेरी भी उमर तुम्हें लग जाए।जुग- जुग जियो मेरी बेटी।आंटी रमेश कहाँ पर है?बेटी आज सुबह ही दिल्ली चला गया।सिर्फ इतना ही कह रहा था। सीमा से कह देना फोन खराब है कल बात करेगा।अच्छा ठीक है चलती हूँ।

जैसे ही कमरे के करीब पहुँची तो दीदी के कमरे से कुछ आवाज आ रही थी। मैं तुम्हें कभी नहीं भूल सकती। रात-दिन तुम मेरे साथ रहते हो।यह सब सुनकर मैं हैरान और परेशान थी।दीदी के हाथ में एक तस्वीर थी।जिसे लेकर वह लगातार चूम रही थी। बस यही कह रही थी कि तुमने मुझे बहुत टीस दी हैं।

यानी रमेश ठीक ही कहता था कि कोई ना कोई राज जरूर छुपा रखा है तुम्हारी दीदी ने।मन ही मन सोच रही अभी जाकर पूछ लू।कौनसी टीस सता रही हैं मेरी प्यारी दीदी को? सीमा- दीदी- क्या आपसे कुछ पूछ सकती हूँ?सच-सच बताना। झूठ नहीं दीदी प्लीज।आपको मेरी कसम।आपको कौन सी टीस इतना परेशान कर रही है।जिसके कारण आपने अपना जीवन बर्बाद कर लिया है।

दीदी- सीमा- प्यार की टीस बड़ी कड़वी होती है।आकाश मुझसे शादी करना चाहता था। परिवार भी तैयार था।पर वह छोटी सी बात पर रूठ कर चला गया।जो आज तक नहीं लौटा।वह हमेशा के लिए चला गया हैं भगवान के पास।बस वह इतना ही कह सकी।और उन्होंने मुझें नम आँखो से गले से लगा लिया।सीमा,तुम जल्दी से रमेश के साथ अपना घर बसा लो।नहीं,दीदी तुम पहले वादा करो।अब तुम भी अपना घर बसा लोगी।प्लीज दीदी कब तक इंतजार करोगी? दीदी,जरूरी नहीं प्यार में हमेशा टीस मिलती हैं।दोनों ने एक-दूसरे को अपनी बाहों में भर लिया।दोनों की आँखों में खुशियों के आँसू थे।

## कहानी — वक्त की मार



प्रीति चौधरी मनोरमा
बुलंदशहर उत्तरप्रदेश

दीनानाथ मिश्र जी के दो बेटे हैं। दोनों बेटे डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहे हैं। उनके पास अकूत धन संपदा है, किंतु उन्हें और अधिक पैसा कमाने की लत लग गई है,और उन्होंने अपनी सभी धन संपदा, चल -अचल संपत्ति पैसा कमाने के लालच में कंपनियों में लगानी शुरू कर दी। उनकी पत्नी सावित्री देवी ने उन्हें समझाने का लाख प्रयास किया, किंतु दीनानाथ जी ने उनकी एक न सुनी। उनके पुत्र का नंबर डॉक्टर की पढ़ाई में आ गया, जिसके लिए बासठ लाख रुपये की तुरंत आवश्यकता थी उन्होंने अपने पुत्र के लिए वह पैसा न देकर उसे भी कंपनी में लगा दिया और वह पैसा दुर्भाग्यवश डूब गया।



कंपनी दिवालिया घोषित हो चुकी है आज पंद्रह वर्ष पश्चात भी उनके दोनों पुत्र रोजगार पाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। एक बेटे का मनोबल इस हद तक टूट चुका है कि वह मानसिक रोगी बन गया है। उसे नींद की दवाइयों का सेवन करना पड़ रहा है। इसी दुख में सावित्री देवी का स्वर्गवास हो चुका है। यदि दीनानाथ जी वक्त रहते अपने पुत्रों के लिए आर्थिक सहारा दे पाते, तो शायद आज यह दिन नहीं देखना पड़ता।

उनके दोनों बेटे नगर के विख्यात डॉक्टर बन चुके होते। अतः समय का हमारे जीवन में अत्यंत महत्व होता है। जिसे हमें समय रहते ही पहचान लेना चाहिए, अन्यथा पछताने के अलावा और दूसरा कोई चारा नहीं बचता है ।किसी महान कवि ने कहा भी है का वर्षा जब कृषि सुखाने।

## कलम पूछती है मेरी



केशी गुप्ता
द्वारका दिल्ली

देखकर मेरी ओर
कलम पूछती है मेरी
क्या लिखोगी इस दौर में
के जहां हर बात
नफरत के साए में पनप रही
दम तोड़ती इंसानियत के किस्से
या वहशत के किस्से
धर्म की राजनीति में
पिसती आवाम की चीखें
देखकर मेरी और
कलम पूछती है मेरी
क्या लिखोगी इस दौर में
के जहां मर गए
दिलों से जुड़े सब रिश्ते
बिखरे टूटे समाज के किस्से
या उजड़े चमन के किस्से
नफरत की आग में
झुलसती हुई आवाम की चीखें
देखकर मेरी और
कलम पूछती है मेरी
क्या लिखोगी इस दौर में
के जहां खत्म हो गया
खौफ खुदा का
दहशत डर के किस्से
या शैतानी खेल के किस्से
जिंदगी की ओढ़ में
चलती फिरती लाशों की चीखें
देखकर मेरी और
कलम पूछती है मेरी
क्या लिखोगे इस दौर में

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# कन्हैयालाल की निर्मम हत्या के विरोध में स्वस्फूर्त बंद रहा सरगुजा




## हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन,पुलिस के साथ झूमा-झटकी

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,02 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की निर्मम हत्या के विरोध में शनिवार को सरगुजा में विश्व हिंदू परिषद ने बंद का आह्वान किया था। जो पूर्ण रूप से सफल रहा। सुबह से ही सभी प्रतिष्ठान बंद रहे। सरगुजा जिला के अंतर्गत उदयपुर, सीतापुर, लखनपुर में भी बंद को व्यापक समर्थन मिला है। इस बंद को भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठन ने भी समर्थन दिया था। शहर सहित जिले भर में दुकानें स्वस्फूर्त बंद रहीं। वही हिंदू युवा एकता मंच द्वारा शहर में दोपहर 1 बजे गांधी चौक से घड़ी चौक तक विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से व्यापक पुलिस बल तैनात किया गया था। विरोध प्रदर्शन के बाद हिंदू युवा एकता मंच ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब है कि राजस्थान के उदयपुर में रहने वाले दर्जी कन्हैया लाल की गौस मोहम्मद रियाज द्वारा तालिबानी तरीके से हत्या कर दी गई थी तथा इसके बाद वीडियो बनाकर धमकी दी गई थी। इसके बाद से जगह-जगह आक्रोश देखा जा रहा है। घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने बंद का आह्वान किया था। सुबह से ही शहर की दुकानें बंद रहीं। वहीं दोपहर एक बजे विश्व हिन्दू परिषद के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी, हिंदू युवा एकता मंच के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता दुर्गा मंदिर में एकत्रित होकर रैली की शक्ल में नारेबाजी करते हुए घड़ी चौक पहुंचे। यहां पूर्व से ही जिला प्रशासन व पुलिस की टीम द्वारा तैयारी की गई थी। रैली घड़ी चौक के पास पहुंचते ही पुलिस द्वारा रोक दी गई। इस दौरान विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों की पुलिस के साथ झूमाझटकी भी हुई। विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने दर्जी कन्हैया लाल के हत्यारे को जल्द से जल्द सजा दिलाए जाने की मांग को लकर नारेबाजी की। इसके बाद घड़ी चौक पर ही अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।राजस्थान के उदयपुर में हुए हत्याकांड को लेकर सरगुजा बंद रहा। सुबह से ही नारेबाजी करते हुए बंद कराने हिंदू संगठन के कार्यकर्ता घूम रहे। वहीं व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर समर्थन भी दिया। दूध, फल, पेट्रोल पंप और दवाई दुकानों जैसी जरूरी सेवाओं को बंद से बाहर रखा गया था।

### स्कूल के बाहर पुलिस के साथ झूमा-झटकी

राजस्थान के उदयपुर में हुए हत्याकांड को लेकर सरगुजा बंद रहा। इस दौरान शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ अन्य प्रतिष्ठान बंद रहे। शहर में बंद कराने निकले संगठनों को पता चला कि होली क्रॉस स्कूल का संचालन किया जा रहा है। संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उक्त स्कूल को बंद कराने पहुंचे। स्कूल के बाहर पूर्व से पुलिस बल तैनात था। इस दौरान बंद कराने पहुंचे प्रदर्शनकारियों व पुलिस के बीच झूमाझटकी की स्थिति निर्मित हो गई। वहीं बताया जा रहा है कि होली क्रॉस स्कूल में एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। इसमें सरगुजा एसपी भी शामिल होने पहुंचीं थी।

### गांधीनगर-भगवानपुर व्यापारी संघ ने भी किया बंद का समर्थन

शहर के गांधीनगर भगवानपुर व्यापारी संघ ने बंद का समर्थन किया। इसके तहत सुबह से गांधीनगर एवं भगवानपुर क्षेत्र में आने वाले समस्त व्यवसाय को विरोध स्वरूप बंद कर इस निंदनीय घटना का विरोध किया गया। गांधीनगर व्यापारी संघ के सदस्य एवं पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्र में घूम-घूम कर बंद का जायजा लिया गया एवं लोगों से बंद में समर्थन मांगा। बंद पूरी तरह से सफल रहा। बंद को सफल बनाने के लिए गांधीनगर भगवानपुर व्यापारी संगठन के अध्यक्ष रविंद्र गुप्त भारती, मोहन मनमानी, योगेंद्र माथुर, सुशील गुप्ता, राजेश पाठक, कला चंद साहू, रविंद्र पाठक, संतोष गुप्ता, गणेश प्रसाद, रितेश तिवारी, भजन, सोनू जायसवाल,निरंजन एवं सुशांत घोष आदि शामिल रहे।



# आकाशीय बिजली से युवती की मौत,महिला झुलसी



-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,02 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** सूरजपुर जिले के ग्राम बोझा खडग़वां में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवती की मौत हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बोझा निवासी श्यामपति उम्र 19 वर्ष, फूल कुवंर उम्र 35 वर्ष शनिवार को घर के पास स्थित जंगल से लौटते समय दोपहर 2 से 3 बजे के बीच बारिश होने से किनारे खड़े हो गए थे। अचानक आकाशीय बिजली गिरने से श्यामपति की मौके पर मौत हो गई। वहीं महिला फूलकुंवर झुलस गई। गंभीर रूप से झुलसी महिला को 108 एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज अस्पताल अम्बिकापुर लाया गया। यहां महिला का उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि परिजनों ने अंधविश्वास के फेर में महिला को बचाने की लिए कुछ देर गोबर में भी गाड़ा था।

# दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों हुई की मौत



-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,02 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** कीटनाशक पीने तथा सड़क दुर्घटना की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पंपापुर निवासी कलम साय आ. स्व. जंगल एक्का (38 वर्ष) शुक्रवार को घर में था जबकि पत्नी बुधमनिया बकरी चराने गई थी। शाम को जब पत्नी घर लौटी तो पति को उल्टी करते तथा कीटनाशक के गंध आने पर कीटनाशक पी लेने की आशंका पर मायके पक्ष के लोगों को बुलाई। परिजन युवक की तबीयत बिगड़ जाने पर उसे संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में लोधिमा निवासी महादेश्री पति राम चरन (53 वर्ष) शुक्रवार को दामाद व बेटी के साथ स्कूटी से जा रही थी। तभी रास्ते में महिला चलती स्कूटी से सड़क पर गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। दामाद व बेटी ने उसे शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई।

# जिले के वन विभाग में पूरी तरह जंगल राज की तरह काम चल रहा है

## वन विभाग के कार्य कागजों में ज्यादा,धरातल पर कम

-ओंकार पाण्डेय-

**सूरजपुर,02 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** जिले के वन विभाग में पूरी तरह जंगल राज की तरह काम चल रहा है।यही वजह है कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने कड़ी फटकार लगाते हुए डीएफओ समेत रेंजर पर कार्रवाई कर सुधरने का कड़ा संदेश दिया था।लेकिन अधिकारी से लेकर कर्मचारियों की खाल इतनी मोटी है इस तरह की कार्रवाई से भी उनके सेहत पर कोई फर्क नही पड़ता है। वही पुराने ढर्रे पर काम चल रहा है। जिला मुख्यालय में रेंज अफसर का काम प्रभारी स्तर के अधिकारी से कार्य चलाया जा रहा है जिनकी मनमानियां चरम पर है ऐसा ही मामला सामने आया है जिसमे कार्य धरातल पर कम कागजों में ज्यादा दिखाई पड़ रहे है। प्रतिवर्ष करोड़ो रूपये खर्च कर प्लान्टेशन, नाला संधारण, शाख कटिंग,वाटर लेबल दुरुस्त करने के लिए तालाब सहित अन्य कार्यो के लिए विभिन्न योजना अंतर्गत करोडों रुपये फंड आते है किंतु इन राशि का उपयोग धरातल में कम दिखाई देता है कागजों में ज्यादा दिखाई देता है। सूरजपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवनगर वन खण्ड के कक्ष क्रमांक 1747 में 60.000 हेक्टेयर में पौधारोपण का कार्य किया गया था इस कक्ष में करीब 66000 हजार कई तरह के पौधा का रोपण वन अमला द्वारा किया गया था। साथ ही इन पौधा के सुरक्षा के लिए कटीले तार का घेराव भी किया गया था। घेराव के लिए घटियां किस्म के गुणवत्ता विहिंन खम्भों का उपयोग किया गया था जिस कारण खम्बे टूट रहे है। जिसमे मवेशी बड़े आसानी से प्लांटेसन का अंदर घुस कर रोपे गए पौधों को अपना चारा बना रहे है। और वन विभाग के अफसर मरम्मत व देख रेख के नाम पर लाखों रुपये राशि आहरण कर लिया गया है। जिससे प्लान्टेसन मैदान में तब्दील हो गया। रोपे गए पौधा के स्थान को देखेंगे तो पता चलेगा कि कुछ जगहों पर पौधा रोपण कभी हुआ रहा होगा जिसके गढ्ढे देखे जा सकते है। किन्तु इन गड्ढो में पौधों के पोषक के लिए फर्टीलाइजर के नाम पर राशि आहरण हो चुका है। किंतु जमीन में उपयोग नही हुआ है जबकि कई वर्षो तक विभाग प्लांटेसन हुई पौधा का देख रेख करता रहता है। बल्कि नष्ट हुए पौधों को पुनः रोपित भी करता है। वहीं लगाए गए प्लान्टेसन के कुछ हिस्सों में कुछ पौधा तैयार तो हुए है किंतु पौधों का शाख कटिंग नही किया गया है। जिसमे पौधा सही दिशा में विकास नही कर पा रहा है। विभाग के उच्च अधिकारी निष्पक्षता से जांच करे तो बडा घोटाले सामने आएगा। पर जहाँ जंगल राज हो वहां जांच व कार्रवाई की उम्मीद बेमानी ही लगती है।





# आतंकियों द्वारा कन्हैया लाल की नरसंहार हत्या के विरोध में निकाला गया कैंडल मार्च

-नगर संवाददाता-

**बैकुंठपुर ,02 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** राजस्थान के उदयपुर में आतंकियों के द्वारा कन्हैयालाल की नृशंस हत्या के विरोध में जनपद मुख्यालय खड़गवां में कैंडल मार्च निकाला गया।

इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने घटना को कायराना कृत्य बताते हुए कहा कि इस तरह की घटना को कोई भी सभ्य समाज बर्दास्त नही कर सकता है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है भारत वर्ष में न्याय के लिए पुलिस, न्याय पालिका है । लेकिन कानून को अपने हांथ में लेने का अधिकार किसी को भी नही है। भाजपाइयों द्वारा कैंडल मार्च के दौरान कन्हैयालाल के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान राम प्रताप, अरुणोदय पांडेय, धनंजय पांडेय, रमेश जायसवाल, विजेंद्र देवांगन, गिरजा जायसवाल, ईश्वर साहू, विनोद गुप्ता, राहुल गुप्ता, पुष्पराज जायसवाल सहित काफी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित रहे।

## कलेक्टर के कड़े निर्देश का दिखा असर

# 4 घंटे में हुई शिक्षकों की पदस्थापना



-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,02 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के कड़े निर्देश पर अमल 4 घण्टे के भीतर हो गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक शाला लक्ष्मीपुर में 3 शिंक्षकां की पदस्थापना किया गया है।

जारी आदेशानुसार सहायक शिक्षक एलबी श्रीमती अमृता लाकड़ा, सहायक शिक्षक श्रीमती अनिमा मिंज एवं सहायक शिक्षक एलबी श्री गोपाल शुक्ला को प्राथमिक शाला लक्ष्मीपुर में वर्ष 2022-23 के लिए पदस्थ किया गया है।उल्लेख उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने शनिवार को स्कूलों के औचक निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला लक्ष्मीपुर में शिक्षकों की समस्या का समाधान करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को अतिशेष शिक्षक वाले स्कूलों से शिक्षकों की पदस्थापना करने के निर्देश दिए थे।

# शहर के युवा जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए हुए रवाना

-नगर संवाददाता-

**बैकुंठपुर ,02 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** बर्फानी बाबा का दर्शन करने के लिए अमरनाथ यात्रा की शुरूआत हो गई है, इसके पूर्व ही काफी संख्या में श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा के लिए टिकट बुक करा लिए थे और अपनी यात्रा शुरू कर दिए हैं।

अमरनाथ यात्रा के लिए शहर के कई युवाओं के द्वारा अपनी यात्रा शुरू किए। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर शहर के निवासी मनोज गुप्ता, चंदन गुप्ता, कमल राजवाड़े वीरेन्द्र प्रताप सिंह, आशीष शर्मा, अनुज मिश्रा, अनुराग मिश्रा का दल 1 जुलाई को अमरनाथ यात्रा के लिए बैकुंठपुर शहर से रवाना हुए।

उल्लेखनीय है कि, अमरनाथ गुफा की यात्रा शुरू हो चुकी है, जेष्ठ पूर्णिमा पर अमरनाथ की पवित्र गुफा (अनंतनाग ) में पूजा-अर्चना की जाती है, गुफा में हिमलिंग स्वरूप बाबा बर्फानी पूरे आकार विराजमान होकर दर्शन देते हैं।

जानकारी के अनुसार अमरनाथ यात्र 11 अगस्त को रक्षाबंधन वाले दिन संपन्न होगी। इस साल 43 दिन तक यात्रा चलेगी। बाबा बर्फानी के दर्शन करने काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मान्यताओं के मुताबिक से भगवान शिव ने यहां माता पार्वती को अमर होने का रहस्य बताया था।




कहा जाता है कि अमरनाथ में जाकर हिमलिंग के दर्शन करने से मनुष्य केन पापों से मुक्ति मिल जाती है।

ये है अमरनाथ की पौराणिक कथा- अमर कथा सुनने के लिए शर्त यह थी कि कोई अन्य प्राणी या कोई भी शे जीव इस कथा को न सुन सके` इसलिए महादेव ने सबसे पहले अपने वाहन नंदी को पहलगांव में छोड़ा, यही वह जगह है जहां अमरनाथ की यात्रा शुरू होती है। यहां से थोड़ा आगे चलने पर शिवजी ने अपने शीश से चंद्रमा को अलग किया, इसलिए यह स्थान चंदनबाड़ी कहलाया, इसके बाद गंगाजी को पंचतरणी में कंठ पर लिपटे हुए सर्पो को शेषनाग स्थान पर छोड़ दिया। श्री गणेशजी को उन्होंने महागुणा पर्वत पर छोड़ दिया, इसके आगे महादेव ने पिस्पू नमक कीड़े को त्यागा था, इस जगह को पिस्सूघाटी कहा जाता है। इस प्रकार महादेव ने अपने अभिन्न अंगों नदी, गंगा, चंद्रमा, शेषनाग, पिस्सू को अपने से अलग कर माता पार्वती संग सुंदर गुफा में प्रवेश किया। गुफा में महादेव ने जीवन के उस गूढ़ रहस्यों की कथा शुरू कर दी। मान्यता है कि कथा सुनते-सुनते देवी पार्वती को नींद आ गई थी, उस समय वो कथा वहां दो सफेद कबूतर सुन रहे थे। जब कथा समाप्त हुई तो भगवान शिव का ध्यान माता पार्वती पर गया तो उन्होंने पार्वती जी को सोया हुआ पाया। तब महादेव की दिव्य दृष्टि उन दोनों कबूतरों पर पड़ी, इसे देखते ही शिवजी को उन पर क्रोध आ गया, फिर दोनों कबूतर महादेव के पास आकर बोले कि हमने आपकी अमर कथा सुनी है, यदि आप हमें मार देंगे तो आपकी कथा झूठी हो जाएगी। कहते हैं कि इस पर महादेव ने उन कबूतरों को वर दिया कि वे सदैव उस स्थान पर शिव पार्वती के प्रतीक के रूप में रहेंगे। बाबा बर्फानी के दर्शन करने वाले भक्तों को आज भी उन कबूतरों के दर्शन हो जाते हैं।




# कलेक्टर व एसपी ने शहर की सड़कों की दशा व यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,02 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** कलेक्टर श्री कुंदन कुमार व पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने दीवार को नागपुर प्रमुख मार्गा का हो यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने गुदरी बाजार में सब्जी विक्रेताओं को व्यस्थित करने के लिए शेड के नीचे दुकानों का नंबरिंग करने और सब्जी विक्रेता को दुकान नबर का आबंटन करते हुए दुकानदारों की नाम पता की पूरी सूची बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने गुदरी बाजार में यातयात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए 4 पहिया वाहनों के लिए नो एंट्री जॉन बनाने तथा उल्लंघन करने पर चल चालानी कार्यवाही कर दें। कौन है 40 दोपहिया वहां प्रवीण को पुनः बहाली करते हुए व्यवस्थिय रूप से संचालित करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात शहीद अब्दुल हमीद चौक में नाली से पानी निकासी की समस्या का निरीक्षण करते हुए नाली की अच्छी तरह सफाई करने व मलबा का उचित उठाव करने के निर्देश दिए। रिंग रोड में बेतरतीब खड़ी ट्रकों पर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक ने रिंग रोड पर ट्रकों को खड़ी करने पर सीधे वाहन मालिक पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये। वाहनों के पार्किंग के लिए ट्रांसपोर्ट नगर का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात मेडिकल कॉलेज रोड, महामाया चौक आदि का निरीक्षण किया गया।

मातृ एवं शिशु अस्पताल के निरीक्षण के दौरान शौचालय की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने कहा गया। इसके साथ ही मुख्य हाल के पास उपलब्ध चिकित्सकों की सूची चस्पा करने के निर्देश दिए।



मुन्नी को मिलेगा पेंशन- कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने गुदरी बाजार के निरीक्षण कर रहे थे उसी समय उनकी नजर एक बुजर्ग महिला सब्जी विक्रेता पर पड़ी। उन्होंने पास जाकर उनसे पूछ ताछ की। मुन्नी ने बताया कि वह घुटरापारा की निवासी विधवा है और सब्जी बेचकर जीवन यापन करती है। उसे पेंशन नही मिल रहा है। कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को पेंशन दिलाने व आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार लंगेह, एसडीएम श्री प्रदीप साहू सहित नगर निगम व राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# बिल गेट्स ने अपना 48 साल पुराना रेज्यूमे सोशल मीडिया पर किया शेयर,लोग बोले- 'शानदार'

**नई दिल्ली, 02 जुलाई 2022।** दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में में शुमार माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स का एक बायोडाटा (रेज्यूमे) इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का केन्द्र बना हुआ है। दरअसल, माइक्रोसॉफ्ट के मुखिया अरबपति बिल गेट्स ने खुद यह रेज्यूमे सोशल मीडिया पर शेयर किया है। एक पन्ने का यह रिज्यूमे 48 साल पुराना है, जिसे गेट्स ने खुद एक नौकरी के लिए आवेदन देने के दौरान इस्तेमाल किया था।

60 वर्ष के बिल गेट्स ने अपना 48 साल पुराना बायोडाटा सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा है कि आज के युवाओं का रेज्यूमे जाहिर तौर पर उनसे बेहतर होगा। बिल गेट्स ने लिंक्डइन पर लिखा है कि आप या तो हाल ही ग्रेजुएट हुए हों या फिर कॉलेज ड्रॉपआउट हों, लेकिन आपका रेज्यूमे मेरे 48 साल पुराने रिज्यूमे से निश्चत तौर पर बेहतर होगा।

आपको बता दें कि माइक्रोसॉफ्ट के मुखिया ने अपना जो बायोडाटा या रेज्यूमे सोशल मीडिया पर शेयर किया है उसके अनुसार उन्होंने सिस्टम स्ट्रक्चर, डेटाबेस मैनेजमेंट, कंप्यूटर ग्राफिक्स से जुड़े कोर्स किए थे।



जब माइक्रोसाफ्ट के मुखिया बिल गेट्स ने खुद अपना 48 साल पुराना रेज्यूमे सोशल मीडिया पर शेयर किया तो बड़ी संख्या में सोशल मीडिया यूजर्स ने ऐसा करने के लिए उन्हें धन्यवाद कहा है।

इस रिज्यूमे पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपने पुराने रेज्यूमे को जरूर रखना चाहिए ताकि वह जब भविष्य में आगे बढ़े, तो उसे याद रहे कि उसने अपने जीवन में क्या-क्या किया है।

एक यूजर ने बिल गेट्स के रेज्यूमे को शानदार बताते हुए कहा है कि यह 48 साल पुराना रिज्यूमे है, फिर भी बहुत अच्छा लगा रहा है। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा है बिल गेट्स रिज्यूमे को साझा करने के लिए धन्यवाद, बढ़िया एक एक पेज का रेज्यूमे है। हम सभी को अपने रिज्यूमे की प्रतियां रखनी चाहिए ताकि हम उसे वापस आकर देख सकें। उन्होंने कहा है कि कभी-कभी हम भूल जाते हैं कि हमने अपने जीवन में कितना संघर्ष करके कितना कुछ हासिल किया है।

आपको बता दें कि बिल गेट्स दुनिया की अव्वल आईटी कंपनियों में से एक माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर हैं और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के कॉलेज ड्रॉपआउट हैं। अभी हाल ही में बिल गेट्स का आपनी पत्नी मिलिंडा गेट्स से तलाक की खबरें आई थीं।

## विनिर्माण गतिविधियां जून में नौ महीने के निचले स्तर पर, पीएमआई मई में 54.6 से गिरकर जून में 53.8 पर

**नई दिल्ली, 02 जुलाई 2022।** देश की विनिर्माण गतिविधियां जून में 9 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गईं। हालांकि इसमें लगातार 12 महीने से बढ़त हो रही थी। मासिक सर्वे में पर्चेजिंग मैनेजर इंडेक्स (पीएमआई) मई में 54.6 से गिरकर जून में 53.8 पर पहुंच गया। पिछले सितंबर से अब तक यह सबसे कमजोर वृद्धि रही। हालांकि लगातार 12वें महीने यह 50 से ऊपर रहा है। इसके 50 से ऊपर होने का मतलब विस्तार और नीचे होने का मतलब गिरावट से होता है। जानकारों के मुताबिक, भू-राजनीतिक तनाव से बढ़ती महंगाई से लेकर रुपये में कमजोरी जैसे कई कारण हैं जो अर्थव्यवस्था पर दबाव बना रहे हैं। इसकी वजह से पीएमआई में कमी देखने को मिली है।



एसएंडपी ने पीएमआई आंकड़े जारी करने के साथ ये भी कहा कि चुनौतीपूर्ण वातावरण में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में बढ़त काफी उत्साहजनक है, भले ही इसमें थोड़ा धीमापन रहा है। सर्वे के मुताबिक, बढ़ती महंगाई कारोबारी भरोसे पर लगातार हावी हो रही है। इससे सेंटीमेंट्स 27 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया है।

# भारत में वित्तीय सेवाओं पर ब्रिटिश मंत्री ने दिया बड़ा बयान



**नई दिल्ली, 02 जुलाई 2022।** भारत में वित्तीय और बीमा सेवाओं को लेकर भारतीय मूल के एक ब्रिटिश मंत्री ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मोदी सरकार की एक योजना को पूरा करने में भी मदद करने का भरोसा दिया है। ब्रिटिश चांसलर (मंत्री) ऋषि सुनक ने कहा है कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत में वित्तीय सेवाओं को लेकर असीम संभावनाएं हैं।

शुक्रवार को यूके-इंडिया कॉरिडोर में इंडिया ग्लोबल फोरम के यूके-इंडिया अवार्ड्स के दौरान भारतीय मूल के ब्रिटिश कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वह फिनटेक जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए बहुत बड़ा अवसर देखते हैं। उन्होंने भारतीय बीमा बाजार को खोलने के फैसले का भी स्वागत किया है।

ब्रिटिश मंत्री ने मुक्त व्यापार समझौते का मसौदा दिवाली तक तैयार करने की समयसीमा पर भी भरोसा जताया है। समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत में ब्रिटिश मंत्री इस दिशा में संतोषजनक प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा है कि वित्तीय सेवाओं का क्षेत्र उनके लिए खासा उत्साहित करने वाला है।

इस दौरान उन्होंने कहा है कि वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में दोनों देशों के लिए असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा है कि भारत का लक्ष्य है कि वह अपनी पूरी अर्थव्यवस्था को बीमा के दायरे में लाए ताकि देश के लोगों और विकास की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

हम ब्रिटेन से इस मामले में भारत की काफी मदद कर सकते हैं, क्योंकि हमारे यहां बीमा की बहुत बेहतरीन इंडस्ट्री है। धीरे-धीरे हम भारतीय फर्मों, यहां के नागरिकों और कंपनियों को अपने बेहतरीन उत्पाद, सेवाएं और अनुभव उपलब्ध करवाने में सक्षम हो सकेंगे।

सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड के लिए भारत की योजनाओं का जिक्र करते ब्रिटिश मंत्री ने कहा है कि एक बार जब वह अस्तित्व में आ जाएगा तो यूके भारत को उस पूंजी को जुटाने में भी मदद करना चाहेगा।

# परेशानियों से घिरे पाक पर एक और नया संकट,250 रुपये प्रति लीटर बिक रहा पेट्रोल,सरकार ने घुटने टेके

**नई दिल्ली , 02 जुलाई 2022।** नकदी की समस्या से पहले से ही जूझ रहे हमारे पड़ोसी पाकिस्तान पर एक नया संकट आ गया है। पाकिस्तान में ईंधन की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी एक किए गये एक बयान के अनुसार सरकार ने पाकिस्तान में पेट्रोल पर 10 रुपये प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल, किरासन तेल, और हल्के डीजल पर 5 रुपये प्रति लीटर की दर से पेट्रोलियम लेवी लगाने का फैसला किया है। सरकार के इस फैसले के बाद पाकिस्तान में ईंधन और पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में तेजी से इजाफा हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पाकिस्तान में सरकार के इस फैसले के बाद पेट्रोल की कीमत में 14.85 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। वहां अब पेट्रोल 248.74 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहां हाई स्पीड डीजल की कीमतों में 13.23 रुपये और मिट्टी के तेल में 18.83 रुपये प्रति लीटर की बढोतरी हुई है। पाकिस्तान में अब हाईस्पीड डीजल 276.54 रुपये प्रति लीटर तो मिट्टी का तेल 230.26 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा है।



इस बीच पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल ने भी इस्लामाबाद में ताजा हालात के सामने घुटने टेकते हुए कहा हे कि सरकार अब पेट्रोलियम पदार्थों की सब्सिडी का खर्च उठाने की स्थिति में नहीं है। इसलिए अब देश के लोगों को महंगी कीमतों पर ही पेट्रोल, डीजल और किरासन खरीदना होगा।

आईएमएफ से बेलआउट पाने की जुगत में लगा है पाक

पाकिस्तान की वर्तमान शहबाज शरीफ सरकार ने अपने चार महीने के कार्यकाल में चार बार ईंधन की दरों में बढ़ोतरी की है। माना जा रहा है कि पाकिस्तान सरकार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (ढ्ढरूस्न) से अपने रुपके हुए छह अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज को हासिल करने के लिए यह कवायद कर रहा है। दरअसल, आईएमएफ ने पाकिस्तान सरकार के सामने शर्त रखी है कि अगर उसे बेलआउट पैकेज चाहिए तो उसे पेट्रोलियम पदार्थों दिये जाने वाली सब्सिडी को हटाकर उन पर लेवी लगाने जैसे सख्त कदम उठाने होंगे। अंदेशा जतायी जा रहा है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान में बिजली की दरों में भी इजाफा हो सकता है, क्योंकि आईएमएफ की ओर से पाकिस्तान सरकार के सामने बिजली की दरों को भी बढ़ाने की शर्त रखी गई है।

### पाकिस्तान में मंहगाई से जनता बेहाल

बीते कुछ समय में चाहे वह पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की सरकार हो या वर्तमान की शहबाज शरीफ की सरकार दोनों के ही कार्यकाल महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। नजीजतन, जरूरी चीजों की कीमतें इस हद तक बढ गई है कि आम लोगों के लिए उन्हें खरीदना दूभर हो गया है। वहीं, पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ हालत को संभालने की बजाय महंगाई का सारा ठीकरा पूर्व पीएम इमरान खान पर फोड़ते हैं। उनका कहना है कि देश को दिवालिया होने से बचाने के लिए ना चाहते हुए भी उन्हें कुछ जरूरी चीजों की कीमतों को बढ़ाने का फैसला लेना पड़ा है।

# विशेषज्ञों की चेतावनी-कोरोना से कोई भी सुरक्षित नहीं, ज्यादातर लोगों में देखे जा रहे हैं ये दो लक्षण,बरतें सावधानी

वैश्विक स्तर पर पिछले दो साल से अधिक समय से कोरोना महामारी गंभीर संकट का कारण बनी हुई है। भारत के नजरिए से देखें तो पिछले एक महीने से देश में संक्रमण के दैनिक मामलों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। संक्रमण के दैनिक मामले 17 हजार के आंकड़े को भी पार कर रहे हैं जो पिछले चार महीने में सबसे अधिक है। देश में एक बार फिर से बढ़ते इस संकट को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अलर्ट रहने की सलाह देते हैं।


पिछले एक महीने से देश में बढ़ रहे केस के लिए विशेषज्ञ ओमिक्रॉन और इसके सब-वैरिएंट्स को प्रमुख कारक के तौर पर देख रहे हैं। इन वैरिएंट्स को अध्ययनों में अपेक्षाकृत अधिक संक्रामकता दर वाला बताया जा रहा है।

देश में बढ़ते कोरोना के मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों को महामारी प्रबंधन को लेकर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। हाल ही में हुए एक उच्च स्तरीय बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने सभी राज्यों को बुजुर्गों-बच्चों के टीकाकरण और बढ़ते मामलों के जीनोम सिक्वेंसिंग पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में कोविड की स्थिति की सख्ती से निगरानी करने की सलाह दी। वहीं अध्ययनकर्ताओं का कहना है वायरस में हुए म्यूटेशन के कारण सामने आ रहे नए वैरिएंट्स से संक्रमितों में कई नए लक्षण भी देखे जा रहे हैं। आइए इस खतरे के बारे में विस्तार से समझते हैं।

### विशेषज्ञों ने किया सावधान

कोविड संक्रमण और उसके जोखिमों को लेकर अध्ययन कर रही वैज्ञानिकों की एक टीम का कहना है कि समय के साथ कोरोना वायरस के व्यवहार में परिवर्तन देखा जा रहा है। जहां एक ओर कोविड-



19 का डर अभी भी बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर हमें यह भी जानना चाहिए कि हर खांसी-जुकाम, बुखार की समस्या कोविड नहीं है।

महामारी के दौरान यह देखा गया कि जिन लोगों को पहले से ही गंभीर समस्याएं थी उनका सही तरीके से मेडिकल चेकअप और इलाज नहीं हो पाया जिसके परिणामस्वरूप उनकी स्थिति और बिगड़ गई। कोविड के नए लक्षणों को समझने के साथ हमें दूसरी बीमारियों की गंभीरता पर भी ध्यान देते रहना होगा। नए वैरिएंट्स के साथ कोविड-19 के लक्षणों में बदलाव देखा जा रहा जिसे समझना बहुत आवश्यक है।

### कोरोना संक्रमितों में लक्षण

कोरोना संक्रमण के नए लक्षणों की जांच कर रही वैज्ञानिकों की टीम ने जोई कोविड स्टडी ऐप से प्राप्त डेटा के आधार पर बताया कि मौजूदा समय में संक्रमण के शिकार हो रहे ज्यादातर लोगों में सिरदर्द की समस्या देखी जा रही है। यह आमतौर पर कोविड-19 की शुरुआत से ही होता है और आमतौर पर तीन से पांच दिनों के बीच रह सकता है। यह समस्या मध्यम से गंभीर भी हो सकती है, साथ ही इसमें बुखार होना आवश्यक नहीं है। यदि सिरदर्द लंबे समय तक बना रहता है तो इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

### मांसपेशियों में दर्द

सिरदर्द के साथ कोरोना संक्रमितों में मांसपेशियों में दर्द की दिक्कत भी काफी सामान्य देखी जा रही है। विशेषरूप से ओमिक्रॉन के इस वेब में इसे एक विशिष्ट लक्षण के रूप में देखा गया था। कोविड-19 से संक्रमित लोगों को मांसपेशियों में दर्द महसूस होता है, यह खासकर कंधों और पैरों में बनी रहने वाली समस्या हो सकती है। मांसपेशियों में दर्द के साथ अत्यधिक थकान या कमजोरी के लक्षणों को लेकर भी सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

### कोरोना संक्रमण का खतरा सभी लोगों में

बढ़ते संक्रमण के जोखिम को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि भले ही आप वैक्सीन की दोनों डोज ले चुके हैं फिर भी कोरोना से खुद को पूरी तरह से सुरक्षित समझने की गलती न करें। रिपोर्ट्स से पता चलता है कि जिन लोगों को बूस्टर शॉट भी लग चुका है वह भी कोरोना के शिकार हो रहे हैं। इस संक्रमण से बचाव के लिए सभी लोगों को निरंतर कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का पालन करते रहना चाहिए।

वैक्सीनेशन की महामारी की रोकथाम में विशेष भूमिका है पर यह सिर्फ आपको गंभीर रोग और मृत्यु के खतरे से ही बचा सकती है।

# सही तरीके से मस्कारा लगाएंगी तो पलकें दिखेंगी सुंदर,रहेंगी सुरक्षित

खूबसूरत आंखों को अतिरिक्त खूबसूरती देता है मेकअप। ये आंखों की खूबसूरती को बढ़ाने के साथ ही कमियों को छुपाने के काम भी करता है। मस्कारा आई मेकअप का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि आप ज्यादा मेकअप नहीं करना चाहतीं तो केवल आई मेकअप के साथ भी आप अपने लुक को एक्स्ट्राऑर्डिनरी बना सकती हैं। इसमें भी काजल, लाइनर और मस्कारा सबसे खा़स असर डाल सकते हैं। मुश्किल होती है तब जब आप मस्कारा का प्रयोग गलत तरीके से करें। इससे लुक तो खराब होता ही है, आपके मन में हमेशा के लिए यह बात भी घर कर सकती है कि मस्कारा आप पर सूट नहीं होता। मस्कारा को लगाने के लिए भी सही तरीका अपनाना जरूरी है। कुछ बातों को ध्यान में रखकर न केवल आप मस्कारा लगाने में महारत हासिल कर सकती हैं, बल्कि अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट भी कर सकती हैं। तो जानिए कैसे करें मस्कारा का सही उपयोग और दें अपनी आंखों को सुंदर लुक।

**सही चुनिए**

-सबसे पहली चीज है सही मस्कारा का चयन। यहां क्वालिटी के साथ आपको कुछ और भी बातों का ध्यान रखना है।

-यह तय कीजिए कि आप किस तरह का मस्कारा चाहती हैं। वॉटरप्रूफ या वॉटर सॉल्युबल। यह आपकी रोजाना की आवश्यकता हिसाब से तय किया जा सकता है। गर्मी, बारिश, उमस भरे माहौल में रहने पर या स्पोर्ट्स आदि एक्टिविटी के दौरान वॉटरप्रूफ मस्कारा बेहतर चयन होगा। यहाँ यह भी याद रखें कि वॉटरप्रूफ मस्कारा को रिमूव करने का तरीका थोड़ा ज्यादा समय लेने वाला और मेहनत वाला होगा लेकिन अगर आपको अपने मस्कारा को आंखों पर फैलने से रोकना है तो वॉटरप्रूफ को चुनना ही सही होगा।

-अब बारी आती है मस्कारा के रंग को चुनने की। इसके लिए हमेशा अपनी आंखों के रंग और स्किन टोन को ध्यान में रखें। अगर आपको आंखों को खास उभरा हुआ दिखाना है तो ब्लैक मस्कारा अच्छा ऑप्शन रहेगा। नैचुरल लुक के लिए ब्राउन मस्कारा बढ़िया रहेगा और कलर्ड मस्कारा हमेशा थोड़ा हटके लुक पाने या बोल्ड लुक के लिए साथ देगा। उदाहरण के लिए ब्राउन आंखों के साथ ब्लू मस्कारा अच्छा ऑप्शन हो सकता है।

-मस्कारा हमेशा अच्छी क्वालिटी का चुनें। थोड़े पैसे बचने के चक्कर में सस्ते कॉस्मेटिक से काम न लें। यह तकलीफ दे सकता है। एक सीधा और प्लास्टिक ब्रिसल्स



वाला मस्कारा ब्रश अच्छी तरह से पलकों को कवर कर सकता है। जबकि कर्वी और नरम रोयें वाला क्लासिक मस्कारा ब्रश पलकों को कर्ली और भरा भरा लुक देने में मदद करता है। जिन लोगों की पलकें पतली हों वे बड़े मस्कारा ब्रश और थोड़े गाढ़े मस्कारा लिक्विड का उपयोग कर सकती हैं।

-पलकों की लम्बाई अगर कम हो तो लम्बे और पतले मस्कारा ब्रश का उपयोग करें। ऐसे ब्रश चुनें जिनकी पैकेजिंग पर लेंथनिंग मस्कारा लिखा हो। इससे आपको पलकों को लंबा दिखाने में मदद मिलेगी। वहीं आँखों का आकार अगर छोटा हो तो ऐसा मस्कारा चुनें जो आँखों को खुला और उभरा दिखा सके। इसके लिए कर्वी और रोयें वाला मस्कारा ब्रश चुन सकती हैं। ये पलकों को उठा हुआ दिखाने में भी मदद करेगा।

-एकदम सीधी पलकों के लिए भी कर्वी ब्रश अच्छा ऑप्शन होगा। इसके साथ आईलैश को कर्ल भी करें। ऐसे मस्कारा को चुनें जो बहुत हैवी न हो, ताकि पलकें झुक कर नीचे न झूलें। अगर आप कॉन्टैक्ट लेंस पहनती हैं हमेशा जेंटल मस्कारा चुनें। गलत मस्कारा आँखों में लाली, खुजली, जलन या पानी आने की समस्या पैदा कर सकता है। इसी तरह अगर आप किसी तरह की एलर्जी से ग्रसित हैं तो भी मस्कारा का प्रयोग बहुत सोच समझकर करें। खरीदते समय मस्कारा की खुशबू को भी सूंघें। अगर ये तेज खुशबू वाला है तो इसे खरीदने से बचें। यह आँखों को नुकसान पहुंचा सकता है।

**ऐसे लगाएं मस्कारा**

* मस्कारा को हमेशा पूरे आई मेकअप के बाद लगाएं। सबसे पहले आईलैश कर्ल करें ताकि पूरी पलकों को सही वॉल्यूम मिल सके।

* अब आईलैश प्राइमर का उपयोग करें ताकि मस्कारा को अपनी जगह पर लम्बे समय तक टिके रहने में मदद मिल सके। प्राइमर पलकों को घना दिखाने में भी मदद करेगा।

* पलकों पर प्राइमर के दो कोट लगाकर मस्कारा लगाने से पहले करीब कम से कम 30 सेकेंड्स इंतज़ार करें।

* कभी भी सीधे ब्रश को बॉटल में से निकालकर मस्कारा न लगाएं। पहले ब्रश पर लगे अतिरिक्त मस्कारा लिक्विड को बॉटल में पोंछें फिर ब्रश को पलकों पर पीछे से आगे की ओर हलके हाथों से लगाएं।

* मस्कारा अप्लाई करते समय हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि यह लगाते समय बीच में सूखे नहीं, इससे पलकें भुरभुरी और कमजोर होकर टूट सकती हैं।

* याद रखें कि आँखों में ऊपर वाली पलकों की अपेक्षा नीचे वाली पलकें हमेशा ज्यादा नाजुक होती हैं। इसलिए इनपर ज्यादा मस्कारा न लगाएं।

* आँखों के कोनों पर की पलकों के लिये ब्रश को वर्टिकल (खड़ा) रखकर मस्कारा लगाएं। कोशिश करें कि ब्रश पलक के सभी बालों को अलग कर सके।

* यदि गलती से मस्कारा आँखों या चेहरे पर लग जाए तो अच्छी क्वालिटी के आई मेकअप रिमूवर से या कॉटन स्वाब (रुई) को फेस मॉश्चराइजर में भिगो कर इससे पोंछ लें।

* रात को सोने से पहले भी हमेशा अच्छे से मस्कारा रिमूव करें। पलकों पर दबाव बनाकर या रगड़ कर कभी भी इसे साफ़ न करें।

# क्या आप जिम करने के साथ प्रोटीन लेते है तो यहां जान ले एक्सपर्ट्स की राय

कुछ लोगों को बॉडी बनाने का काफी शौक होता है वह इसके लिए प्रोटीन पाउडर समेत कई सप्लीमेंट्स यूज करते हैं जानकारों के अनुसार पाउडर प्रोटीन पाउडर का इस्तेमाल थोड़ा सोच समझ कर ही करना चाहिए इस मामले में लापरवाही बरतना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है आज हम आपको बताते हैं कि अगर आप जिम के साथ प्रोटीन डाइट ले रहे हैं तो कैसे अपना ध्यान रखें।

हेल्थ एंड फिटनेस कोच के अनुसार जिम के दौरान सभी लोगों को नेचुरल तरीके से प्रोटीन की मात्रा पूरी करने की सलाह दी जाती है मसल मास को मेंटेन करने के लिए व्यक्ति को 1 किलोग्राम वजन पर 1 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती है जो लोग अपनी डाइट में अंडे ,मटर ,पनीर, चिकन, दूध ,दही को शामिल करते हैं उन्हें जरूरत के हिसाब से प्रोटीन मिल जाती है लेकिन कई बार लोगों नेचुरल तरीके से प्रोटीन ले नहीं पाते ऐसे में कभी-कभी उन्हें प्रोटीन पाउडर की सलाह दी जाती है। हालांकि प्रोटीन पाउडर काफी सावधानी के साथ खरीदना चाहिए मार्केट में मौजूद कई प्रोडक्ट हेल्थ के लिए नुकसानदायक भी हो सकते हैं डाइटिशियन के अनुसार जो लोग लीवर की समस्या से जूझ रहे हैं उन्हें प्रोटीन पाउडर लेने की सलाह नहीं दी जाती है इसके अलावा अलावा किडनी व अन्य इंटरनल डिजीज वाले मरीजों को किसी भी तरह के सप्लीमेंट लेने की मनाही होती है।

फिटनेस कोच के अनुसार कभी भी डॉक्टर प्रोटीन पाउडर सजेस्ट नहीं करते हैं अगर आप प्रोटीन लेना चाहते हैं तो इस बारे में डॉक्टर से डिस्कस कर सकते हैं ऐसे लोगों को क्वालिफाइड ट्रेनर के इंस्ट्रक्शन के अनुसार जिम करनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार




### ईरान, चीन में महसूस किए गए भूकंप के झटके, जानें रिक्टर स्केल पर कितनी रही तीव्रता

**ईरान , 02 जुलाई 2022।** दक्षिणी ईरान में शनिवार तड़के करीब 3 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां इसकी तीव्रता 6.0 रही। इसकी जानकारी नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने दी है।

वहीं चीन के झिंजियांग में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.3 रही। फिलहाल किसी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। इसकी जानकारी नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने दी है।

**कैसे आता है भूकंप?**

भूकंप के आने की मुख्य वजह धरती के अंदर प्लेटों का टकरना है। धरती के भीतर सात प्लेट्स होती हैं जो लगातार घूमती रहती हैं। जब ये प्लेटें किसी जगह पर आपस में टकराती हैं, तो वहां फॉल्ट लाइन जोन बन जाता है और सतह के कोने मुड़ जाते हैं। सतह के कोने मुड़ने की वजह से वहां दबाव बनता है और प्लेट्स टूटने लगती हैं। इन प्लेट्स के टूटने से अंदर की एनर्जी बाहर आने का रास्ता खोजती है, जिसकी वजह से धरती हिलती है और हम इसे भूकंप मानते हैं।

**भूकंप की तीव्रता**

रिक्टर स्केल पर 2.0 से कम तीव्रता वाले भूकंप को माइक्रो कैटेगरी में रखा जाता है और यह भूकंप महसूस नहीं किए जाते। रिक्टर स्केल पर माइक्रो कैटेगरी के 8,000 भूकंप दुनियाभर में रोजाना दर्ज किए जाते हैं। इसी तरह 2.0 से 2.9 तीव्रता वाले भूकंप को माइनर कैटेगरी में रखा जाता है। ऐसे 1,000 भूकंप प्रतिदिन आते हैं इसे भी सामान्य तौर पर हम महसूस नहीं करते। वेरी लाइट कैटेगरी के भूकंप 3.0 से 3.9 तीव्रता वाले होते हैं, जो एक साल में 49,000 बार दर्ज किए जाते हैं। इन्हें महसूस तो किया जाता है लेकिन शायद ही इनसे कोई नुकसान पहुंचता है।

लाइट कैटेगरी के भूकंप 4.0 से 4.9 तीव्रता वाले होते हैं जो पूरी दुनिया में एक साल में करीब 6,200 बार रिक्टर स्केल पर दर्ज किए जाते हैं। इन झटकों को महसूस किया जाता है और इनसे घर के सामान हिलते नजर आते हैं। हालांकि इनसे न के बराबर ही नुकसान होता है।

### अमेरिकी मंत्री करेंगे दाऊद को लेकर चर्चा, इस्लामाबाद में उठाएंगे नशा तस्करी का मुद्दा

**वाशिंगटन, 02 जुलाई 2022।** इंटरनेशनल नारकोटिक्स एंड लॉ एनफोर्समेंट अफेयर्स के सहायक मंत्री टॉड रॉबिन्सन पाकिस्तान के दौरे पर अंडरवर्ल्ड सरगना डॉन दाऊद इब्राहिम का मुद्दा उठाएंगे। वह चार दिनी यात्रा में अमेरिका-पाक सहयोग के अलावा नशीले पदार्थ, लैंगिक मुद्दे, अंतरराष्ट्रीय अपराध व सीमा सुरक्षा पर भी बात करेंगे। रॉबिन्सन द्वारा कराची स्थित दाऊद इब्राहिम के अंतरराष्ट्रीय आपराधिक और नशीले पदार्थों के नेटवर्क का मुद्दा उठाने संबंधी सवाल के जवाब में अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, पाकिस्तान के साथ वे अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध और नशीले पदार्थों की तस्करी का मुद्दा उठाएंगे।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले अमेरिका में छायी है मायूसी, अमेरिकियों में घट रही है देश पर गर्व की भावना

**वाशिंगटन, 02 जुलाई 2022।** अमेरिका चार जुलाई को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। लेकिन उससे ठीक पहले सामने आया है कि देशवासियों में अपने देश पर गर्व की भावना में तेजी से गिरावट आ रही है। रिकॉर्ड महंगाई, राजनीतिक तनाव और तीखे होते सामाजिक ध्रुवीकरण के कारण इस समय देश में मायूसी का माहौल है।

स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले सर्वे एजेंसी गैलप ने अपनी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी की है। गैलप 2001 से हर साल स्वतंत्रता दिवस से पहले ऐसी एक सर्वे रिपोर्ट जारी करती है। इस बार की रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ 38 फीसदी अमेरिकियों ने कहा कि वे अपने देश पर काफी गर्व महसूस करते हैं। गैलप ने कहा है कि बीते 20 साल में पूर्ण गौरव महसूस करने वाले लोगों का औसत 55 फीसदी रहा है। उसे देखते हुए इस बार ऐसी राय जताने वाली लोगों की संख्या में काफी गिरावट दर्ज हुई है। 2015 के पहले तो कभी ऐसा नहीं हुआ, जब पूर्ण गौरव महसूस करने वालों की संख्या 55 फीसदी से कम रही। लेकिन बीते सात वर्षों में ये संख्या घटती गई है।

**देश और समाज को लेकर असंतोष बढ़ा**

विश्लेषकों के मुताबिक इस गिरावट का मुख्य कारण रिपब्लिकन पार्टी के समर्थक और किसी पार्टी का समर्थन न करने वाले जन समूहों में अपने देश पर गर्व की भावना घटना है। वैसे अभी भी रिपब्लिकन समर्थक समूह ही ऐसा है, जिसमें ये भावना सबसे ऊंची पाई जाती है।



2019 में रिपब्लिकन समर्थक 75 फीसदी लोगों ने कहा था कि वे अपने देश पर अति गर्व महसूस करते हैं। इस समूह में इस बार ऐसी राय जताने वालों की संख्या सिर्फ 58 फीसदी रही।

गैलप ने अपने बयान में कहा है कि ये सर्वे एक से 20 जून के तक किया गया। वह वो दौर था, जब अमेरिका में कई जगहों पर गोलीबारी की घटनाएं हुई, जिनमें दर्जनों लोग मारे गए। लेकिन तक तक गर्भपात की वैधता रद्द करने वाला सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं आया था। समझा जाता है कि उस फैसले के बाद बड़ी संख्या अमेरिकियों के भीतर अपने देश और समाज को लेकर असंतोष बढ़ा है। गैलप ने कहा कि ये फौरी वजहें हैं। लेकिन असल में अपने देश पर गर्व की भावना में अमेरिकियों में वर्षों से घट रही है।

**सामाजिक ध्रुवीकरण बढ़ने की संभावना**

विश्लेषकों के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के एक और ताजा फैसले से समाज में असंतोष बढ़ने का अंदेशा है। कोर्ट ने गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण (ईपीए) के कार्बन उत्सर्जन घटाने संबंधी आदेश जारी करने के अधिकार को सीमित कर दिया। इससे राष्ट्रपति जो बाइडन के जलवायु परिवर्तन रोकने संबंधी एजेंडे को जोरदार झटका लगा है।

सुप्रीम कोर्ट ने ताजा फैसला वेस्ट वर्जिनिया बनाम ईपीए मामले में दिया। विश्लेषकों के मुताबिक इसके बाद न सिर्फ ईपीए के लिए, बल्कि दूसरी संस्था के लिए जलवायु परिवर्तन रोकने संबंधी कदम उठाने के अधिकार भी सीमित हो गए हैं। इस फैसले को कंजरवेटिव समूहों की जीत माना गया है। पर्यवेक्षकों ने कहा है कि गर्भपात संबंधी फैसले के बाद यह दूसरा ऐसा निर्णय है, जिससे सामाजिक ध्रुवीकरण बढ़ने की संभावना है। इसलिए उसका असर आम अमेरिकियों की सोच पर पड़ेगा।

# मदद के लिए तरसते श्रीलंका को हर तरफ से हाथ लग रही है मायूसी

**कोलंबो , 02 जुलाई 2022।** आर्थिक संकट में लगातार धंसते जा रहे श्रीलंका को इस खबर से जोरदार झटका लगा है कि जापान ने अब उसे मदद न देने का फैसला किया है। अखबार डेली मिरर की एक रिपोर्ट के मुताबिक कोलंबो स्थित जापानी राजदूत मिजुकोशी हिदेयेकी ने गुरुवार को इस बारे में श्रीलंका सरकार को औपचारिक सूचना दी। उन्होंने कहा कि श्रीलंका में मौजूदा 'कुप्रबंधन' को देखते हुए उसे मदद देना जोखिम भरा हो गया है। इसलिए जापान अभी कोई मदद नहीं देगा, हालांकि ये संभव है कि वह बाद में इस पर विचार करे।



विदेशों से अपेक्षित सहायता ना मिलने के कारण श्रीलंका सरकार को अब ऐसे कदम उठाने पड़ रहे हैं, जिन्हें अतीत में वह श्रीलंकावासियों के लिए खतरा समझती थी। गोटबया राजपक्षे सरकार श्रीलंकाई महिलाओं के विदेश जाकर काम करने के मामलों में पारिवारिक पृष्ठभूमि की जांच की शर्त पहले ही हटा चुकी है। अब उसने कतर की एक संस्था से मदद स्वीकार कर लेने का फैसला किया है। जबकि कुछ ही समय पहले श्रीलंका सरकार ने इस संस्था के खातों को जाम कर दिया था। तब उस पर श्रीलंका में इस्लामी आतंकवाद को बढ़ावा देने का इल्जाम लगाया गया था।

**कतर से लगाई मदद की गुहार**

राष्ट्रपति राजपक्षे सरकार में पुलिस विभाग के मंत्री रह चुके शरत वीरासेकरा ने जनवरी 2021 में संसद में कहा था कि 2019 में हुए ईस्टर बम धमाकों के मास्टरमाइंड जहरान हाशिम को कतर की इस संस्था से मदद मिली थी। इस संस्था का नाम पर्ल ऑफ यूनिटी है। श्रीलंका में इसकी शाखा के प्रमुख हेजाज हिस्बुल्ला रहे हैं, जो पेशे से वकील हैं। वे अभी जेल में हैं। तब वीरासेकरा ने दावा किया था कि इस कतरी संस्था पर संयुक्त राष्ट्र ने प्रतिबंध लगा रखा है।

इस संस्था के खाते जब्त करने का कतर और आर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कंट्रीज (ओआईसी) ने कड़ा विरोध किया था। 2020 में ओआईसी के श्रीलंका के संबंधों में और कड़वाहट आ गई, जब राजपक्षे सरकार ने कोविड-19 से मरे मुसलमानों को दफनाने की इजाजत देने की उसकी अपील ठुकरा दी।

अब उसी कतर से श्रीलंका ने मदद की गुहार लगाई है। बिजली और ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकरा ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ कतर की यात्रा की है। उन्होंने बताया कि 29 जून की दोहा में उनकी पर्ल ऑफ यूनिटी के अधिकारियों से मुलाकात हुई। विजेसेकरा ने एक ट्विट में कहा- 'मैंने उन्हें बताया कि अटार्नी जनरल ने संस्था के खातों पर से रोक हटाने का फैसला किया है।'

**ईंधन की कमी से कारोबार हो रहा ठप**

श्रीलंका के रुख में यह बदलाव उस समय आया है, जब देश में ईंधन की कमी के कारण कारोबार ठप होता जा रहा है। विजेसेकरा 26 जून को कतर रवाना हुए थे। तब उन्होंने कहा था कि वहां वे तेल के आयात की संभावना का पता लगाने जा रहे हैं।

वेबसाइट इकॉनमीनेक्स्ट.कॉम ने एक रिपोर्ट में बताया है कि श्रीलंका सरकार ने ईंधन की सहायता पाने के लिए पश्चिम एशिया के कई देशों से संपर्क किया है। लेकिन इस कोशिश में उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिली है। पश्चिम एशिया स्थित श्रीलंकाई राजदूतों ने इस वेबसाइट से कहा है कि उस क्षेत्र के देश राजनयिक संबंधों में कड़वाहट आने के बाद से श्रीलंका को ज्यादा अहमियत नहीं दे रहे हैं।



### अफगानिस्तान में महिलाओं की स्वतंत्रता पर पाबंदी लगाई जा रही, संयुक्त राष्ट्र में भारत ने जताई चिंता

**जिनेवा, 02 जुलाई 2022।** अफगानिस्तान में सार्वजनिक जीवन से महिलाओं को हटाने की बढ़ती कोशिशों को लेकर भारत ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में चिंता जताई। भारत ने इस दौरान महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया और कहा कि पिछले दो दशकों के लंबे समय से लड़ी गई लड़ाई को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। जिनेवा में भारत के राजदूत पुनीत अग्रवाल ने कहा कि भारत और अफगानिस्तान लंबे समय से साझेदार के रूप में काम कर रहे हैं। ऐसे में वहां शांति और स्थिरता की वापसी सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। राजदूत पुनीत ने ये टिप्पणी मानवाधिकार परिषद के 50वें सत्र में अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकारों की स्थिति÷ पर चर्चा के दौरान की।

भारत ने महिलाओं की स्थिति पर रखा अपना पक्ष

राजदूत पुनीत अग्रवाल ने कहा कि हम अफगानिस्तान में हाल के घटनाक्रमों के बारे में गहराई से चिंतित हैं, जो अफगानिस्तान की महिलाओं और लड़कियों की भलाई को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। अफगानिस्तान में महिलाओं को सार्वजनिक जीवन से हटाने की कोशिशें बढ़ रही हैं। अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा के अधिकार सहित महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनके लिए पिछले दो दशकों के लंबे समय से लड़ी गई लड़ाई को मजबूत करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है।



### नुपुर शर्मा उदयपुर हिंसा की जिम्मेदार नहीं,कभी माफी न मांगें, सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी पर विदेशी सांसद की प्रतिक्रिया

**एम्सटर्डम, 02 जुलाई 2022।** पैगंबर पर टिप्पणी करने वालीं भारतीय जनता पार्टी की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद से राजनीति एक बार फिर से तेज हो गई है। भारत में विपक्षी पार्टी के नेता जहां हिंसा के लिए नुपुर को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं वहीं सत्ता पक्ष इस मामले में कुछ भी कहने से बच रह रहा है। भारत के अलावा अब यह मामला विदेश में भी तुल पकड़ने लगा है लेकिन इन सब के बीच नीदरलैंड के दक्षिणपंथी राजनेता और सांसद गीर्ट वाइल्डर्स ने नुपुर शर्मा का बचाव किया है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद वाइल्डर्स ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि नुपुर शर्मा कन्हैयालाल की हत्या के लिए जिम्मेदार नहीं हैं और उन्हें किसी भी हालत में माफी नहीं मांगनी चाहिए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नुपुर शर्मा को फटकार लगाई थी और कहा था कि उदयपुर में एक हिंदू दर्जी की हत्या सहित देश में जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए वह अकेली जिम्मेदार हैं।

**गीर्ट वाइल्डर्स ने दी तीखी प्रतिक्रिया**

मुझे लगा कि भारत में शरिया अदालतें नहीं हैं। पैगंबर के बारे में सच बोलने के लिए उन्हें कभी माफी नहीं मांगनी चाहिए। वह उदयपुर हिंसा के लिए जिम्मेदार नहीं है। कट्टरपंथी असहिष्णु मुसलमान जिम्मेदार हैं और कोई नहीं। बता दें कि इससे पहले भी डच सांसद ने इस मामले में प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था कि %यह बहुत हास्यास्पद है कि अरब और इस्लामिक देश भारतीय नेता नुपूर शर्मा के पैगंबर के बारे में सच बताने पर भड़के हुए हैं। भारत क्यों माफी मांगे?% आगे विल्डर्स ने भारतीयों को सलाह दी कि वह नुपूर शर्मा का बचाव करें। उन्होंने ट्वीट करके कहा, %तुष्टीकरण कभी काम नहीं करता है। यह चीजों और ज्यादा खराब कर देता है। इसलिए भारत के मेरे मित्रों आप मुस्लिम देशों की धमकी में नहीं आएं। आजादी के लिए खड़े हों और अपनी नेता नुपूर शर्मा के बचाव में गर्व महसूस करें।%

**सुप्रीम कोर्ट ने कल दी थी तीखी प्रतिक्रिया**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणी से जुड़े नुपुर शर्मा मामले में कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट ने नुपुर के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर सख्त नाराजगी प्रकट की। तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि उसके बयान से देश उबल गया है। कोर्ट ने नुपुर से टीवी पर आकर माफी मांगने को भी कहा। शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि नुपुर को खतरा है या उनके बयान से देश खतरे में पड़ गया है? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जो कुछ भी हो रहा है, हम उससे वाकिफ हैं। नुपुर ने जिसके खिलाफ टिप्पणी की उसे गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन नुपुर के खिलाफ अब तक कुछ नहीं हुआ है।

**देश में जो रहा उसके लिए नुपुर जिम्मेदार**

नुपुर के वकील वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उनकी मुवक्किल की जान का खतरा है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि उन्हें खतरा है या वह सुरक्षा के लिए खतरा बन गई हैं? उन्होंने जिस तरह से पूरे देश में भावनाओं को भड़काया है, देश में जो हो रहा है उसके लिए वह अकेले जिम्मेदार है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि नुपुर शर्मा द्वारा माफी मांगने और बयान वापस लेने में बहुत देर हो गई। नुपुर ने सशर्त बयान वापस लेते हुए कहा कि अगर भावनाएं आहत हुई हैं तो माफी चाहती हैं।

# कराची के मॉल में ईशनिंदा को लेकर हिंसक प्रदर्शन, सैमसंग के 27 कर्मचारी हिरासत में,कंपनी ने मांगी माफी

**कराची, 02 जुलाई 2022।** पैगंबर के खिलाफ भारत में गर्माए मामले के बीच अब पाकिस्तान में ऐसा ही मामला हुआ है। ईशनिंदा को लेकर कराची के स्टार सिटी मॉल में उग्र लोगों ने हिंसक प्रदर्शन व तोड़फोड़ की। दक्षिण कोरियाई कंपनी सैमसंग द्वारा कथित तौर पर ईशनिंदा किए जाने के खिलाफ उत्पात मचाया गया।

पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी को लेकर सैमसंग पाकिस्तान के 27 कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया है। कंपनी ने बयान जारी कर माफी मांगी है। दक्षिण कोरियाई कंपनी सैमसंग ने बयान में कहा है कि वह धार्मिक मामलों में तटस्थता बनाए रखती है। इस मामले की उसने आंतरिक जांच शुरू कर दी है।



बता दें, शुक्रवार को कराची के स्टार सिटी मॉल में लगाए गए एक वाईफाई उपकरण में कथित तौर पर ईशनिंदा वाली टिप्पणी की गई थी। यह खबर कराची में जंगल की आग की तरह फैली और उग्र प्रदर्शनकारी मॉल में जमा हो गए। उन्होंने हिंसक विरोध प्रदर्शन किया। पाकिस्तानी की पत्रकार नैला इनायत ने मॉल में प्रदर्शन को लेकर ट्विटर पर वीडियो साझा किया है।

क्यूआर कोड में पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी

इस घटना को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि कंपनी द्वारा जारी मोबाइल क्यूआर कोड में पैगंबर के अनादर से लोग खफा हो गए। उत्पात की सूचना मिलते ही कराची पुलिस मौके पर पहुंची और विवादित वाईफाई उपकरण जब्त कर लिया। मामले में सैमसंग के 27 कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया है। मामले में आगे जांच जारी है।

उपद्रवी टीएलपी के कार्यकर्ता थे

मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि हमलावर कौन थे, यह अधिकृत रूप से नहीं पता चला है, लेकिन माना जा रहा है कि ये आतंकी संगठन तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान (ञ्च्रुक्क) से जुड़े हैं। पाकिस्तान में ईशनिंदा या पैगंबर मोहम्मद की निंदा बेहद संवेदनशील मामला है। देश के कानूनों के तहत ईशनिंदा के दोषी व्यक्ति को फांसी देने का प्रावधान है। ऐसे ही एक मामले में श्रीलंका की एक फैक्टरी के मैनेजर को सियालकोट में भीड़ ने पीट पीटकर मार डाला था।

### सावधान! मंकीपॉक्स बदल रहा लक्षण, ब्रिटेन में मरीजों के निजी अंगों में नजर आए घाव,लैंसेट ने दी रिपोर्ट

**लंदन, 02 जुलाई 2022।** कोरोना वायरस की तरह ही मंकीपॉक्स भी अपने लक्षण बदल रहा है। प्रतिष्ठित शोध पत्रिका लैंसेट की ताजा रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन में मंकीपॉक्स के मरीजों के निजी अंगों में व्यापक जख्म मिले हैं। ये दुनियाभर में पूर्व में मिले मंकीपॉक्स के लक्षणों की तुलना में अलग हैं।



द लैंसेट इंफेक्शियस डिजीज जर्नल में शनिवार को प्रकाशित एक शोध रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। शोधकर्ताओं ने लंदन के विभिन्न सेक्सुअल हेल्थ क्लीनिक में पहुंचे 54 रोगियों के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की है। इस साल मई में 12 दिनों के दौरान इन मरीजों का मंकीपॉक्स का इलाज किया गया था।

**जननांग और गुदा के आसपास घाव दिखाई दिए-** शोध में कहा गया है कि इन मरीजों के समूह में शामिल रोगियों में जननांग और गुदा के आसपास त्वचा पर घाव दिखाई दिए। इससे पहले किए गए अध्ययन में मंकीपॉक्स के मरीजों की तुलना में इन मरीजों में थकान और बुखार जैसे लक्षण कम दिखे। शोधकर्ताओं ने लंदन में चार सेक्सुअल हेल्थ क्लीनिकों से मंकीपॉक्स रोगियों के डाटा एकत्रित किए थे। उन्होंने मरीज के यात्रा इतिहास, यौन संपर्क की जानकारी, लक्षणों व इलाज के डाटा के अध्ययन के आधार पर यह रिपोर्ट तैयारी की है।

# पाकिस्तान में वरिष्ठ पत्रकार पर हमला, एक दिन पहले ही सेना जनरलों को बताया था 'प्रॉपर्टी डीलर'

**लाहौर , 02 जुलाई 2022।** पाकिस्तान में एक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक पर हमले का मामला सामने आया है। घटना पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की है। जानकारी के मुताबिक, घटना तब हुई जब वरिष्ठ पत्रकार अयाज आमिर शुक्रवार देर रात को जब अपने ऑफिस से वापस जा रहे थे। उन्होंने बताया कि अज्ञात नकाबपोशों ने पहले उनको कार से बाहर घसीटा, इसके बाद उनकी पिटाई की। इस दौरान उनके ड्राईवर की भी पिटाई की गई। गौरतलब है कि इस घटना के एक दिन पहले ही उन्होंने पाकिस्तानी सेना के जनरलों की आलोचना की थी। इतना ही नहीं वरिष्ठ पत्रकार अयाज आमिर ने उन्हें %प्रॉपर्टी डीलर% करार दिया था।

पिटाई में उनके चेहरे पर चोट आई है। घटना के बारे में ट्वीट करके उन्होंने बताया कि नकाबपोश लोगों ने उनकी पिटाई की और उसके कपड़े फाड़ दिए। इतना ही नही, नकाबपोशों ने उनका सेलफोन और बटुआ भी छीन लिया। इसके बाज जब लोग वहां पर इकट्ठा होने लगे तो नकाबपोश फरार हो गए।

बाद में एक ट्वीट में आमिर ने कहा कि जिन लोगों ने उन पर हमला किया उन्होंने उनकी उम्र की परवाह नहीं थी। मेरी किसी से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है और न ही मेरा किसी से कोई झगड़ा था। मेरी केवल एक ही गलती थी कि मैं सच बोलता हूं और मैं बोलता रहूंगा।



घटना से एक दिप पहले गुरुवार को इस्लामाबाद में %शासन परिवर्तन और पाकिस्तान पर इसका असर% विषय पर आयोजित एक सेमिनार में भाषण के दौरान पत्रकाप आमिर ने पाकिस्तान की राजनीति में अपनी भूमिका के लिए सेना पर निशाना साधा था। इस संगोष्ठी में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान भी शामिल हुए थे। इस सेमिनार में बोलते हुए अयाज आमिर ने सेना के जनरलों को प्रॉपर्टी डीलर बताया था। इतना ही नहीं तंज कसते हुए उन्होंने सरकारी कार्यालयों में पाकिस्तान के संस्थापक मुहम्मद अली जिन्ना और देश के राष्ट्रीय कवि अल्लामा इकबाल के फोटो को हटाने और उनकी जगह %संपत्ति डीलरों% की तस्वीरें लगाने की सलाह दी।

इस दौरान सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि वह अपने कार्यकाल के छठे वर्ष में थे और एक बार फिर कार्यकाल विस्तार कराना चाह रहे थे। इस दौरान उन्होंने पाक्सितान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भी आड़े हाथों लिया।

वरिष्ठ पत्रकार पर हुए हमले की पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने निंदा की और जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री हमजा शहबाज ने भी इस मामले का संज्ञान लेते हुए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

# क्या पटना 84 के 66 हजार मतदाताओं को दरकिनार कर विधायक अगला विधानसभा जीतने का देख रहीं हैं ख्वाब?

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 02 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** राजनीति होनी चाहिए पर हर जगह राजनीति सही नहीं होती शिक्षा के मंदिर में भी यह राजनीति कहां तक सही है, यह एक बड़ा सवाल पटना 84 के लिए आत्मानंद विद्यालय को लेकर खड़ा हो गया है एक आत्मानंद विद्यालय खोलने को लेकर राजनीति होने लगी है, वह भी राजनीति वर्चस्व की हो गई है पटना 84 को नाराज कर पटना 84 के एक गांव के नाम पर बैकुंठपुर में आत्मानंद विद्यालय खोलने को लेकर विरोध होने लगा है, अब यह विरोध किस हद तक जाएगा इसका पता नहीं, पर मुख्यमंत्री के आगमन पर इसकी शिकायत होगी यह तय है।

पटना क्षेत्र के एक विद्यालय को बंद कर उसके डाइस कोड का इस्तेमाल कर बैकुंठपुर में आत्मानंद स्कूल खोलने को लेकर विरोध शुरू हो गया है, इस विरोध के बीच आनन-फानन में वहां एडमिशन भी शुरू हो गया है ऐसा लग रहा है कि विरोध को बढ़ाना है, इसलिए एडमिशन चालू कर दिया गया, अब इस स्कूल को लेकर वर्चस्व की लड़ाई दिखने लगी है एक तरफ विधायक बैकुंठपुर में स्कूल को खुलवाना चाहती हैं और दूसरी तरफ पटना 84 के लोग वहीं पर स्कूल खुलवाना चाहते हैं जहां का डाइस कोड है और उस स्कूल के अस्तित्व को बचाना चाहते हैं, यदि इस स्कूल में आत्मानंद विद्यालय खुलता है तो यह बिल्डिंग में संचालित स्कूल बंद होने से बच जाएगा और आसपास के लोगों को आत्मानंद विद्यालय की सुविधा मिल जाएगी और यहां पर बच्चों की दर्ज संख्या बढ़ जाएगी वैसे इस स्कूल का डाइस कोड को पटना 84 के लिए उपयोग किया जा सकता था पर पटना 84 के लिए उपयोग ना करके बैकुंठपुर के लिए उपयोग किया जा रहा है जहां पहले सही आत्मानंद विद्यालय खुला हुआ है और अब दूसरा खोलने की तैयारी है अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या सारे आत्मानंद विद्यालय बैकुंठपुर में ही खोले जाएंगे क्या पटना 84 बैकुंठपुर विधानसभा का हिस्सा नहीं है आखिर पटना 84 के 66 हजार मतदाताओं को दरकिनार कर विधायक क्यों बैकुंठपुर के लिए इतना उत्सुक है?

### मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात में सामूहिक शिकायत का निर्णय

पटना 84 के कांग्रेसी नेता बिहारी लाल राजवाड़े ने कहा कि पटना 84 के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पीपरडांड का डाइस कोड उपयोग कर जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल का संचालन बैकुंठपुर के रामानुज हाई स्कूल परिसर में संचालित करने के लिए प्रेस विज्ञप्ति अपने अधो हस्ताक्षर से जारी किया गया है जिला शिक्षा अधिकारी से पूछे जाने पर बताया गया कि पीपर डांड स्कूल पहुंच विहीन स्कूल है इस कारण वहां पर स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित करने में दिक्कत होगा जबकि पीपरडांड स्कूल चारों ओर से पक्की सड़क से कनेक्टिविटी है इसके बावजूद भी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल जिसका प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित होने के लिए अपने अधो हस्ताक्षर से ज्ञापित किया गया है इसका पटना 84 के अभिभावकगण विरोध एवं निंदा करते हैं साथ ही इसकी शिकायत मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात में करने का सामूहिक निर्णय लिया है यह भी बिहारीलाल राजवाड़े का कहना है।

★एक स्कूल का अस्तित्व मिटाकर दूसरा स्कूल दूसरे स्थान पर खोलना क्या सही है?
★लाखों की लागत से स्थापित सर्व सुविधा युक्त स्कूल को बंद करने में शिक्षा अधिकारी का कितना योगदान?
★स्कूल बंद हो जाए इसकी चिंता नहीं पर दूसरा स्कूल खुल जाए इसकी चिंता जरूर शिक्षा अधिकारी को क्यों?
★ग्रामीण क्षेत्र के सर्व सुविधायुक्त स्कूल का डाइस कोड अब शहर के स्कूल के लिए होगा प्रयोग क्यों?
★ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित स्कूल बंद किये जाने की पीछे की आखिर वजह क्या है?
★बंद होने वाला स्कूल चारों तरफ सड़कों से जुा हुआ सुविधायुक्त स्थान पर है।
★पीपरडांड में ही आत्मानंद स्कूल क्यों नहीं बनाया जा सकता ताकि बंद होने से बच जाए स्कूल।







### पीपरडांड स्कूल बंद होने के बाद लाखों की बिल्डिंग का क्या होगा

पीपरडांड पूर्व माध्यमिक शाला बंद कर दिया जाएगा और ऐसी स्थिति में लाखों की बिल्डिंग का क्या होगा यह रक बड़ा सवाल है। वहीं इस विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के भविष्य को लेकर भी कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आया है, अब इस विद्यालय के छात्र छात्रा अन्य विद्यालय के लिए इधर उधर भटकेंगे और उन्हें दूर जाना पड़ेगा यह चिंता विभाग ने नहीं कि है।

### क्या इस स्कूल को आत्मानंद बनाकर पटना क्षेत्र को इसकी सुविधा नहीं दी जा सकती थी

पीपरडांड पूर्व माध्यमिक शाला के डाइस कोड से बैकुंठपुर शहर में आत्मानंद विद्यालय खोला जा रहा है जबकि पटना क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों का आभाव है। अब पटना 84 की मांगो को लेकर मुखर रहने वाले जनपद सदस्य बिहारीलाल राजवाड़े का कहना है कि यह विद्यालय पीपरडांड में ही यदि खोल दिया जाता तो पटना 84 के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत ग्रामीण छात्र छात्राओं को इसका लाभ मिल सकता था और इससे क्षेत्र के लोगों के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम शिक्षा जो निःशुक्ल मिलनी है इस विद्यालय में का फायदा मिल सकता है।

### बैकुंठपुर विधानसभा में क्या सारे आत्मानंद स्कूल बैकुंठपुर में खुलेंगे

वहीं अब पटना 84 के लोगों ने विरोध शुरू करते हुए कहा है कि बैकुंठपुर में आत्मानंद विद्यालय यदि खोलना है तो वहीं के किसी विद्यालय को बंद कर खोला जाए,बैकुंठपुर में ही सभी आत्मानंद विद्यालय खुलेंगे ऐसा सही नहीं हैं। पीपरडांड का डाइस कोड पीपरडांड के लिए प्रयोग किया जाए यह मांग जोर पकड़ने लगी है।

### दूसरे जगह के स्कूल बंद कर दूसरे जगह आत्मानंद बनाना कितना सही

ग्रामीण क्षेत्र का एक विद्यालय बंद कर उसकी जगह शहर में उस विद्यालय की स्थापना कहां तक उचित है यह एल बड़ा सवाल है। पीपरडांड के निवासरत छात्र छात्राओं को अब पूर्व माध्यमिक शाला में अध्ययन के लिए दूर जाना पड़ेगा इस ओर शिक्षा विभाग का ध्यान बिल्कुल नहीं है जबकि शासन ने छात्र छात्राओं की सुविधा के लिए ग्राम में विद्यालय की स्थापना की थी।

## मुख्यमंत्री के आने पर होगी इसकी शिकायत

**मुख्यमंत्री के कोरिया जिला भेंट मुलाकात कार्यक्रम में शामिल होने आगमन के दौरान आत्मानंद विद्यालय पीपरडांड को बैकुंठपुर शहर में खोले जाने को लेकर विरोध किया जाएगा यह जनपद सदस्य बिहारीलाल राजवाड़े कहना है,उन्होंने यह भी कहा कि पटना 84 के हितों से वह समझौता बिल्कुल नहीं करेंगे।**



# जिले में छत्तीसगढ़ बंद का दिखा मिला-जुला असर

**उदयपुर में हुई हिंसक घटना का विहिप ने जताया विरोध**

-नगर संवाददाता-
**कोरबा, 02 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** राजस्थान के उदयपुर में हुई हिंसक घटना का विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने विरोध जताया। शनिवार को छत्तीसगढ़ बंद का ऐलान किया गया था, जिसका जिले में मिला-जुला असर दिखा। भाजपा नेताओं के साथ विहिप के पदाधिकारी शहर की दुकानों को बंद कराने सडक़ पर उतरे। उदयपुर में हुई घटना का पूरे देश में विरोध हो रहा है, अब इसकी आंच जिले में भी सामने आई है। छत्तीसगढ़ बंद के आव्हान पर शनिवार को विहिप के पदाधिकारी जिला भाजपा के प्रमुख नेताओं के साथ शहर की दुकानों को बंद कराने निकले। उनके इस विरोध का समर्थन मांगते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने एक दिन के लिए दुकान बंद कर रखने का आग्रह किया। कई व्यापारियों ने समर्थन में दुकान बंद जरूर किया। लेकिन इनके आगे बढ़ने के बाद दुकान के बंद शटर खुल गए और पहले की तरह व्यापारिक गतिविधियां शुरू हो गई। वही बालको में भी बंद कराने निकले विहिप व भाजपा मंडल के पदाधिकारी द्व विहिप व भाजपा बालको मंडल के पदाधिकारियों ने सिविक सेंटर, भदरापारा, परसाभाठा, सेक्टर-4, हाउसिंग बोर्ड की दुकानों को बंद कराया और उदयपुर में हुई घटना के विरोध में व्यापारियों से समर्थन मांगा। निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, भाजपा बालको मंडल के अध्यक्ष शिवबालक सिंह तोमर, संजय पांडेय, सत्येन्द्र दुबे, आलोक सिंह, शैलेन्द्र सिंह, शशि चंद्रा, घनश्याम पटेल, संपत यादव समेत अन्य ने घटना की घोर निंदा की।विहिप व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दुकान बंद कराने सडक़ पर उतरे निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने कहा कि उदयपुर की घटना से पूरे देश में आक्रोश है। इस घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम है।

# नवपदस्थ कलेक्टर ने सी-मार्ट का किया निरीक्षण

-नगर संवाददाता-
**कोरबा, 02 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** कोरबा जिले के नवपदस्थ कलेक्टर संजीव झा ने कोरबा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत टीपी नगर में स्थापित सी मार्ट का किया निरीक्षण । कलेक्टर झा ने सी मार्ट में बिक्री के लिए रखे गए महिला समूहों द्वारा उत्पादित सामानों का अवलोकन किया। उन्होंने कोरबा की महिलाओं द्वारा निर्मित उमरेलिया ब्रांड साड़ी, एलईडी बल्ब, हवाई चप्पल, राशन सामान, अचार, पापड़ आदि उत्पादों का अवलोकन किया। सी-मार्ट में 250 से अधिक प्रकार के उत्पाद उपलब्ध है, इनमें नीम का साबुन, सेनेटरी पैड, डिशवॉश, हल्दी, मिर्च, धनिया पाउडर, मसाले, काजू, नमकीन, चना, आटा, बेसन, जीरा फुल चावल ,अचार, पापड़, मसाले, महुआ के उत्पाद, अगरबत्ती, काजू, डेली नीड के समान, फिनाइल, हाइजीन प्रोडक्ट्स, वनोपज से निर्मित उत्पाद, अश्वगंधा चूर्ण, गिलोय, मुलेठी जैसे वन औषधि , एलोवेरा, आमला, महुआ लड्डू आदि शामिल है। सी-मार्ट में कार्यरत स्व सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पाद तथा स्थानीय उत्पाद सुपर मार्केट के रूप में एक ही छत के नीचे नागरिकों के खरीदी के लिए उपलब्ध है। कलेक्टर ने सी मार्ट में लोगों के लिए कम कीमत पर उत्पादों की उपलब्धता पर प्रसन्नता जताते हुए समूहों द्वारा बनाए गए सामान और उत्पादों की सराहना की, साथ ही अधिक से अधिक महिला समूह के उत्पादों को सी मार्ट में रखने के निर्देश दिए। साथ ही सी मार्ट में हर आयु वर्ग की जरूरतों के सामान रखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने डेयरी प्रोडक्ट जैसे दूध, दही, घी, मक्खन आदि तथा बच्चों के सॉफ्ट खिलौने भी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सी मार्ट में रखे गए सामानों की बिक्री बढ़ाने के लिए विशेष प्रचार प्रसार करने और स्थानीय उत्पादों को खरीदने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। कलेक्टर संजीव झा ने सी मार्ट की संचालन प्रक्रिया तथा बिलिंग प्रक्रिया का भी अवलोकन किया तथा उत्पादों की बिक्री बढ़ाने सी मार्ट में कार्यरत कर्मचारियों को ट्रेनिंग दिलाने के निर्देश दिए । उन्होंने सी मार्ट में कोसा के शिल्प उत्पादों की रेंज बढ़ाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम विजेंद्र पाटले, जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय, एसडीएम कोरबा हरिशंकर पैकरा, एसडीएम कटघोरा कौशल तेंदुलकर, एनआरएलएम जिला प्रबंधक अनुराग जैन, बीपीएम राजीव श्रीवास सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



# चोरी की मोटर सायकल सहित एक आरोपी गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-
**सूरजपुर , 02 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** ग्राम बकालो निवासी दिनेश दास महंत ने चौकी सलका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 09.01.2022 को नाईट ड्यूटी में ग्राम तारकेश्वरपुर रेलवे स्टेशन में अपना होण्डा साईन मोटर सायकल को खड़ा कर पेट्रोलिंग के लिए गया था वापस आया तो देखा कि मोटर सायकल वहां नहीं है कोई अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल को चोरी कर लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने आरोपी की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। चौकी सलका की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर संदेही शिवप्रकाश निवासी करोंदी, खुटरापारा थाना उदयपुर को पकड़ा, पूछताछ पर उसने मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के निशानदेही पर चोरी की मोटर सायकल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी सलका देवनाथ चौधरी, आरक्षक राकेश सिंह, विक्रम सिंह, सुरेन्द्र सिंह व गजेन्द्र सोनवानी सक्रिय रहे।



# डकैती के आरोपी व लूट का माल खरीदी करने वाले सहित 9 आरोपी गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-
**सूरजपुर , 02 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** ग्राम अक्षयपुर में निर्माणाधीन पुल के निर्माण कार्य का चौकीदार ग्राम पम्पानगर निवासी चेतन प्रजापति ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 जून के करीब 3 बजे भोर में 2 पिकअप वाहन द्धारिकापुर तरफ से अक्षयपुर तरफ गया उसके थोडी देर बाद 10-12 अज्ञात व्यक्ति आए और इसे पकड़ लिए और चाकू दिखाकर इसका मोबाईल लूटते हुए कैम्प में रहने वाले लोगों की जानकारी लेकर सभी रूम को खोलवाकर मजदूरों को जगाकर डरा धमकाकर बंधक बनाकर पुलिया निर्माण के लिए रखे लोहे के करीब 40-42 नग सेन्ट्रींग प्लेट एवं 4 नग और मोबाईल फोन को लूटकर ले गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना रामानुजनगर में आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 148/22 धारा 395 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने अज्ञात आरोपियों की पतासाजी गंभीरतापूर्वक करते हुए जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना रामानुजनगर की पुलिस ने पिकअप वाहन नंबर एवं नई तकनीक की मदद से आरोपी विकास साहू निवासी जिल्दा जिला कोरिया को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने बताया कि 2 पिकअप वाहन में अपने साथियों के साथ योजना बनाकर अक्षयपुर निर्माणाधीन पुलिया में पहुंचे और चौकीदार का मोबाईल लूटने के बाद निर्माण कार्य के लिए रह रहे मजदूरों को उठाकर बंधक बनाकर डरा-धमकाकर भय दिखाकर 4 नग मजदूरों का मोबाईल एवं 42 नग लोहे का सेन्ट्रींग प्लेट लूट करना स्वीकार किया। लूट का सेन्ट्रींग प्लेट को अपने साथियों के साथ मिलकर कटघोरा निवासी विजय अग्रवाल उर्फ बंटी कबाड़ी को बिक्री करना बताया।



पुलिस टीम ने प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपी 1. विक्की साहू पिता श्यामलाल उम्र 19 वर्ष ग्राम कडारी, थाना बाराद्धार, जिला जांजगीर चाम्पा, 2. सूरज साहू पिता नवधा प्रसाद साहू उम्र 23 वर्ष, 3. मनीष केंवट पिता स्व. ननकी बाबू उम्र 19 वर्ष 4. इन्द्रपाल साहू पिता जीवनलाल उम्र 19 वर्ष सा. जड़गा, थाना कटघोरा, जिला कोरबा 5. धनेश्वर साहू पिता ओमप्रकाश साहू उम्र 20 वर्ष निवासी मानिकपुर, कोरबा, 6. राजेश कश्यप पिता बाबुलाल कश्यप उम्र 19 वर्ष सा. बलगी, थाना बाकी मोरगा, जिला कोरबा 7. विकास साहू पिता ओमप्रकाश साहू उम्र 19 वर्ष सा. जिल्दा, थाना खड़गवां, जिला कोरिया, 8. आदित्य साहू पिता जयगोविन्द उम्र 22 वर्ष सा. सकरिया, थाना खड़गवा, जिला कोरिया 9. विजय अग्रवाल उर्फ बंटी पिता रमेश अग्रवाल उम्र 40 वर्ष निवासी कटघोरा को घेराबंदी कर पकड़ा और मामले में पृथक से धारा 411 भादसं. जोड़ी गई।

आरोपियों के निशानदेही पर 40 नग सेन्ट्रींग प्लेट कीमत 55 हजार रूपये, मोबाईल 2 नग कीमत 14 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 16 ए 2328 व पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 29 एसी 0579 व अन्य आलाजरब जप्त कर 9 आरोपियों को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। मामले में अन्य आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी सरगर्मी से की जा रही है


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग**
**जिला सरगुजा (छ0ग0)**
-::ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना ::-
**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना-06/2022-23 (प्रथम आमंत्रण)**
क्रमांक/850/व.ले.लि./गांयांसेवा/2022-23 अम्बिकापुर,दिनांक 28.06.2022
एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 13.07.2022 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्रं | ऑन लाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रू.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) ऑनलाईन पर | कार्य करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) | ठेकेदार की श्रेणी | अमानत राशि सत्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीड पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 103870 | जिला पंचायत कार्यालय अम्बिकापुर के भू-तल एवं प्रथम तल में नवीन विद्युत व्यवस्था | 18.82 | 14115.00 | 1061.00 | 3Month | ''द'' एवं उच्च वर्ग | 14.07.2022 Up to17.30 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें,धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट एवं वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.inअथवा विभागीय वेबसाईट https://cg.nic.in/resworksसे दिनांक 28.06.2022 से डाऊनलोड की जा सकती है।

(विपिन राज मिंज)
कार्यपालन अभियंता
ग्रां0यां0से0 संभाग अम्बिकापुर

जी नं-92585/1



**न्यायालय नजूल अधिकारी,अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा(छ.ग.)**
रा0प्र0क्रं0/ अ/-20(3)2021-22
**ईश्तहार**
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हुस्न आरा पुत्री सज्जाद अली,आयु लगभग 65 वर्ष,जाति मुसलमान, निवासी मोहल्ला-पर्राडांड़ नगर अम्बिकापुर, थाना व तहसील-अम्बिकापुर,जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व और अधिपत्य की स्थित नजूल भूमि मोहल्ला-पर्राडांड़,नगर अम्बिकापुर में स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक-2419/3 एवं 2419/6 रकबा-0.02 1/2 एकड़ एवं 0.02 एकड़ भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में उसके स्वयं के (भू-धारक श्रीमती हुस्न आरा पुत्री सज्जाद अली,निवासी-अम्बिकापुर) नाम पर अंकित है,को रूपयों की आवश्यकता होने के कारण बैंक में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना चाहता है। आवेदक उपरोक्त नजूल भू-खण्ड को बंधक रखने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदाय करने हेतु मेन्टेनेन्स खसरा एवं शपथ पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।
उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15/07/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 27/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।
सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर


# पुलिस संगवारी कार्यक्रम के अंतर्गत दर्री पुलिस ने एनटीपीसी में लगाया चलित थाना

-नगर संवाददाता-
**कोरबा, 02 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल के द्वारा कोरबा पुलिस को आम जनों से जोड़ने के अभिनव प्रयास किए जा रहें हैं। तुहंर पुलिस तुहंर द्वार, पुलिस संगवारी जैसे कार्यक्रमों के जरिए जनता से सीधे संवाद किया जाकर, उन्हें पुलिस को अपना मित्र और सहयोगी समझने की पहल की जा रही है।वहीं इस दिशा में चलित थाना लगाकर जनता की समस्याओं को उनके निकट ही पहुंचकर दूर करने का प्रयास भी प्रारंभ किया गया है। इसी तारतम्य में दर्री पुलिस के द्वारा एनटीपीसी इंदिरा मार्केट में चलित थाने का आयोजन किया गया। इसमें दर्री थाना दर्री की सहायक उपनिरीक्षक अनिता खेस द्व बलदेव सिंह और पुलिस की टीम ने आम लोगों के मध्य बैठकर उनके साथ उनकी परेशानियां जानी और छोटी बातों का मौके पर ही समाधान भी किया।बस्ती वालो ने इसमें शामिल होकर पुलिस के साथ खुलकर बातें की । लोग पुलिस की इस पहल से बहुत प्रसन्न और संतुष्ट भी नजर आए। अवैध शराब के लिए मोहल्ले में समिति बनाने की पहल करने पुलिस ने लोगो को कहा। इस अवसर पर लोग अपनी समस्याएं खुलकर बताएं और चलित थाना लगाने की पुलिस पहल को सराहा । दर्री पुलिस के द्वारा लगाए गए चलित थाने को आम जनों का बेहतर प्रतिसाद देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने आगे भी दर्री थाना और जिले के अन्य थानों में पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सतत इस प्रकार के कार्यक्रम जारी रखने की बात कही है।



CMYK

# सचिन तेंदुलकर सहित कई पूर्व क्रिकेटरों ने की ऋषभ पंत की तारीफ

**इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के पहले दिन 146 रन बनाकर भारत को संकट से निकालने वाले भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की पारी को पूर्व क्रिकेटरों ने 'दबाव में खेली गई खास पारी' बताया है।**

**नयी दिल्ली,02 जुलाई 2022।** इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के पहले दिन 146 रन बनाकर भारत को संकट से निकालने वाले भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की पारी को पूर्व क्रिकेटरों ने 'दबाव में खेली गई खास पारी' बताया है। भारत के पांच विकेट 98 रन पर गिर गए थे जिसके बाद पंत और रविंद्र जडेजा (नाबाद 83) ने 222 रन की नाबाद साझेदारी की। चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट किया ,'' शानदार ऋषभ पंत। बेहतरीन।'' उन्होंने लिखा ,'' रविंद्र जडेजा की भी महत्वपूर्ण पारी। स्ट्राइक बखूबी रोटेट की और शानदार शॉट खेले।



भारत के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने ट्वीट किया ,'' दबाव में टेस्ट बल्लेबाजी का खास नमूना ऋषभ पंत ने पेश किया। रविंद्र जडेजा की जितनी तारीफ की जाये, कम है।'' पंत की पारी पर ट्विटर पर अन्य प्रतिक्रियायें इस प्रकार है। वीरेंद्र सहवाग – पंत अपनी ही लीग में है। दुनिया का सबसे मनोरंजक क्रिकेटर। यह पारी खास है। वेंकटेश प्रसाद – ऋषभ पंत ने बॉक्स आफिस हिट पारी खेली। जवाबी हमले की सबसे लाजवाब पारियों में से एक। खास खिलाड़ी। **सुरेश रैना :** क्या शानदार साझेदारी। पंत और जडेजा इसी तरह खेलते रहो। दोनों को शाबासी हरभजन सिंह – उम्दा पारी ऋषभ पंत। जब टीम को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। ऐसे ही खेलते रहो। संजय मांजरेकर – पंत आजकर मजे के लिये महान टेस्ट पारियां खेल रहा है। वाह कुलदीप यादव – फायर है ऋषभ पंत मोहम्मद कैफ – पंत ने दिखा दिया कि आत्मविश्वास से आप मैच पलट सकते हैं। वसीम जाफर – सुपर स्टफ ऋषभ पंत। टेस्ट क्रिकेट का सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर बल्लेबाज। राशिद खान – ऋषभ पंत अद्भुत है। माइकल वॉन – यह पारी खेलने में मजा आया।

## श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज कोविड-19 से हुए संक्रमित,फर्नाडो टीम में शामिल



**गॉले, ,02 जुलाई 2022।** श्रीलंका के स्टार क्रिकेटर एंजेलो मैथ्यूज यहां गाले अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन के खेल से पहले कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं।

35 वर्षीय मैथ्यूज ने श्रीलंका की पहली पारी में 39 रन बनाए थे। ऑलराउंडर ने कथित तौर पर श्रीलंका शिविर को कोविड-19 लक्षणों के बारे में सूचित किया, जहां उन्हें प्रोटोकॉल के अनुसार क्वारंटीन किया गया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने ट्विटर पर इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा, एंजेलो मैथ्यूज कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं। उनका रैपिड एंटी-जेन टेस्ट किया गया था, जहां उन्में हल्के लक्षण मिले हैं। वह अस्वस्थ महसूस कर रहे थे।

उनकी जगह ओशादा फर्नाडो संभवतः तीसरे दिन के शुरुआती दौर में मैदान में नजर आएंगे। श्रीलंकाई टीम ने सत्र में ऑस्ट्रेलिया को 321 रनों पर आउट कर दिया था।

## किर्गियोस पर दर्शक की ओर थूकने के लिये लगा 10 हजार डॉलर का जुर्माना

**विंबलडन , 02 जुलाई 2022।** आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी निक किर्गियोस पर विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में पहले दौर की जीत के दौरान खेल भावना के विपरीत आचरण करने के लिये 10,000 डॉलर का जुर्माना लगाया गया।

यह टूर्नामेंट में अभी तक घोषित किया गया सबसे बड़ा जुर्माना है। किर्गियोस ने इस पहले दौर के मैच के बाद हुई प्रेस कांफ्रेंस में स्वीकार किया था कि उन्होंने परेशान कर रहे दर्शक की ओर थूका था।

आल इंग्लैंड क्लब ने मैच के दौरान लगे जुर्माने की राशि की घोषणा की।

किर्गियोस के बाद एलेक्जेंडर रिट्सचार्ड पर 5,000 डॉलर का जुर्माना लगा गया जो क्वालीफाइंग में पहले दौर के मैच के दौरान उनके खेल भावना के खिलाफ आचरण के लिये लगा था।

सात अन्य खिलाड़ियों पर तीन-तीन हजार डॉलर का जुर्माना लगाया गया जो खेल भावना के विपरीत आचरण या फिर अश्लील शब्द कहने के लिये लगाया गया।

कुल पांच महिला खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया जा चुका है। इनमें सबसे बड़ी राशि का जुर्माना दारिया साविले पर पहले दौर में 4,000 डॉलर लगा था जो रैकेट या उपकरण पटकने से संबंधित था।

## जडेजा ने इंग्लैंड में जड़ा करियर का पहला शतक

**बर्मिंघम , 02 जुलाई 2022।** टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवे और आखिरी टेस्ट मुकाबले का इंतजार काफी समय से रहा है। ऐसे में बेन स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड ने टीम इंडिया के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। इस दौरान टीम इंडिया को शुरुआत झटके लगे लेकिन ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा के बीच हुई 222 रनों की साझेदारी ने टीम को संकट से उबारने का काम किया। इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में दिग्गज खिलाड़ियों का बल्ला नहीं चला लेकिन ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा दोनों ने ही शतकीय पारी खेली। रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड में पहली बार शतक जड़ा है। यह उनके करियर का तीसरा शतक है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 183 गेंद पर यह कारनामा



किया। रवींद्र जडेजा ने 194 गेंद में 13 चौकों की मदद से 104 रन की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 53 का रहा। हालांकि वो जेम्स एंडरसन का शिकार हो गए।

रवींद्र जडेजा ने पहली दफा विदेशी जमीं पर शतक जड़ा है। इससे पहले उन्होंने दोनों शतक भारतीय सरजमीं पर लगाए थे। जिसमें वेस्ट इंडीज और श्रीलंका के खिलाफ शतकीय पारी शामिल हैं। इतना ही नहीं उन्होंने एजबेस्टन में शतक जड़कर कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। इस मुकाबले से पहले एजबेस्टन में गॉड ऑफ क्रिकेट सचिन तेंदुलकर और रनमशीन विराट कोहली ने ही महज शतक जड़ा था। इनके अलावा कोई भी भारतीय बल्लेबाज यहां पर शतक नहीं जड़ पाया था। लेकिन ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा ने यह उपलब्धि भी हासिल की।

## इसी महीने बर्मिंघम में होगी आईसीसी बोर्ड की बैठक

**नयी दिल्ली,02 जुलाई 2022।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के बोर्ड मेम्बर्स की एक बड़ी बैठक 25 और 26 जुलाई को बर्मिंघम में होने जा रही है. इस बैठक में विश्व क्रिकेट में आगामी आयोजनों पर भी चर्चा होगी. मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के मुताबिक यह बैठक राष्ट्रमंडल खेलों के इतर होगी और इसमें 2024-31 सीजन के लिए आईसीसी के भविष्य के दौरा कार्यक्रम पर चर्चा किया जाएगा.

### आईसीसी चेयमैन के चुनाव को लेकर भी चर्चा

इस बैठक की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें आईसीसी चेयरमैन के चुनाव पर चर्चा होनी है. आईसीसी चेयरमैन का कार्यकाल इस साल के अंत में समाप्त हो रहा है. बैठक में आगामी टी20 वर्ल्ड कप पर भी चर्चा होगी. साथ ही इस बात की भी उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड आईपीएल के विंडो को लेकर भी सभी हितधारकों (विदेशी बोर्ड) के साथ बातचीत करेगा. बीसीसीआई सचिव जय शाह पहले ही साफ कर चुके हैं कि आईपीएल के लिए अगले एफटीपी से ढाई महीने का समय होगा. इसके अलावा पीसीबी



द्वारा प्रस्तावित तीन देशों के टूर्नामेंट पर भी विचार करने की उम्मीद है, जिस पर वे कुछ समय से जोर दे रहे हैं.

### जय शाह ने आईपीएल विंडो पर दिया था बयान

जय शाह ने पिछले महीने एक इंटरव्यू में कहा था कि आईसीसी के अगले एफटीपी में आईपीएल के लिए ढाई महीने का विंडो होगा. शाह ने बताया था, 2027 में आईपीएल में 94 मैच खेले जाएंगे, इस पहलू को लेकर हमने काम किया है. अगले आईसीसी एफटीपी कैलेंडर से आईपीएल में ढाई महीने की आधिकारिक विंडो होगी, ताकि सभी टॉप इंटरनेशनल क्रिकेटर भाग ले सकें. हमने विभिन्न बोर्ड्स के अलावा आईसीसी के साथ भी इस बारे में चर्चा की है.

# खुदा हाफिज : चैप्टर टू का गीत आज वे रिलीज




विद्युत जामवाल और शिवालिका ओबेरॉय की फिल्म खुदा हाफिजः चैप्टर टू- अग्नि परीक्षा के निर्माताओं ने एक्शन-थ्रिलर आजा वे का चौथा गाना रिलीज किया है। फारुक कबीर, विशाल मिश्रा और कौशल द्वारा लिखे गए इस हार्टब्रेक ट्रैक को विशाल मिश्रा ने कंपोज किया और गाया है।

फिल्म के निर्देशक कबीर ने कहा, मेलोडी शब्दों से बहुत अधिक कह सकता है। विशाल मिश्रा ने समीर और नरगिस की प्रेम कहानी के भावनात्मक ढांचे को सबसे खूबसूरत तरीके से सामने लाने के लिए संगीत की शक्ति का इस्तेमाल किया है।

विशाल ने आगे बताया, मुझे पता था कि मेरा काम खत्म हो गया है जब फारुक ने मुझे बताया कि हमें इस गाने के माध्यम से समीर और नरगिस की प्रेम कहानी को बताना है। यह गीत एक ऐसी कहानी से पैदा हुआ है जो हमें हमारी भावनाओं से जोड़ती है और बताती है कि हम कितने कमजोर हैं।खुदा हाफिजः अध्याय टू - अग्नि परीक्षा कबीर द्वारा लिखित और निर्देशित है। कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक, स्नेहा बिमल पारेख और राम मीरचंदानी द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत मिथुन और विशाल मिश्रा ने दिया है।

विद्युत जामवाल और शिवालिका ओबेरॉय स्टारर संजीव जोशी, आदित्य चौकसे, हसनैन हुसैनी और संतोष शाह फिल्म में अहम भूमिका में हैं। पैनोरमा स्टूडियोज और एक्शन हीरो फिल्म्स प्रोडक्शन की फिल्म 8 जुलाई को रिलीज के लिए तैयार है।



# साथ निभाना साथिया 2 की स्टार कास्ट में शामिल हुईं दीपाली सैनी

हाल ही में साथ निभाना साथिया 2 की स्टार कास्ट में शामिल हुईं अभिनेत्री दीपाली सैनी अपनी भूमिका को लेकर काफी उत्साहित हैं। अभिनेत्री का कहना है कि यह पहले की भूमिका से बहुत अलग है। मेरे चरित्र का नाम शकुंतला उर्फ शकुनि है।

शो में मैं एक नकारात्मक और व्यंग्यात्मक हास्य भूमिका निभा रही हूं। यह मेरे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण है, आध्यात्मिक, पारिवारिक नाटक करने और एक नर्डी कैरेक्टर निभाने से, अब मैं एक नेगेटिव कैरेक्टर की भूमिका निभा रही हूं। यह एक बहुत बड़ा बदलाव है।

चरित्र, शकुंतला, बहुत ही ग्लैमरस और आकर्षक है और इसके लिए, मुझे हर दिन फिट रहना और कसरत करना है और 24/7 डाइट पर रहना है।वह कहती हैं, हम सभी को महाभारत में शकुनि से मिलवाया गया है। इसलिए, यह और अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाता है, क्योंकि मेरा लक्ष्य महाभारत में शकुनि के रूप में अपने चरित्र को उल्लेखनीय बनाना है।

शो में अपने लुक के बारे में बात करते हुए वह कहती हैं, मेरा लुक काफी ग्लैमरस और गुड लुकिंग है, जो वास्तविक जीवन के करीब है। लेकिन जिस तरह से शकुंतला सोचती है और प्रतिक्रिया करती है, वह वास्तव में वास्तविक जीवन में जो है, उसके विपरीत है।

मेरी भूमिका कुल्फी कुमार बाजीवाला में बहुत अच्छा था, यह एक हास्य और गूंगा चरित्र था और दूसरी ओर, साथ निभाना साथिया 2.0 में शकुंतला एक बहुत ही स्मार्ट, तेज, शैतानी किरदार है।

## टाइगर 3 में कैमियो की भूमिका में दिखेंगे शाहरुख,अभिनेता ने की पुष्टि




शाहरुख खान दुनिया के सबसे लोकप्रिय कलाकारों में शुमार किए जाते हैं। उनकी पहली फिल्म दीवाना 25 जून, 1992 को रिलीज हुई थी। इस लिहाज से उन्होंने बॉलीवुड में अपने 30 साल पूरे किए। इस मौके पर उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक लाइव सेशन का आयोजन किया और फैंस के सवालों के जवाब दिए। इसी सेशन में उन्होंने बताया कि वह सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में कैमियो की भूमिका निभाएंगे।

इंस्टाग्राम के लाइव सेशन में शाहरुख ने सलमान के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। उन्होंने कहा, सलमान के साथ काम करने का कोई वर्किंग एक्सपीरियंस नहीं है, बल्कि यह प्यार का अनुभव है, सुखद अनुभव है, दोस्ताना अनुभव है और भाई जैसा अनुभव है। इसलिए, जब भी मैं उनके साथ काम करता हूं तो यह आश्चर्यजनक होता है। हमने वास्तव में एक फिल्म (करण अर्जुन) के अलावा एक साथ कोई पूरी फिल्म नहीं की है।

शाहरुख ने कहा कि उन्हें सलमान के साथ काम करने के लिए साल में 4-5 दिन मिलते हैं। शाहरुख ने बताया कि उनके पिछले कुछ साल शानदार रहे हैं, क्योंकि उन्हें सलमान के साथ कुछ प्रोजेक्ट्स में काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा, सलमान जीरो में आए और मेरे साथ गाना किया और अब पठान में हम साथ हैं। मुझे नहीं पता कि ये सीक्रेट है या नहीं, लेकिन मैं टाइगर 3 में भी साथ रहने की कोशिश करूंगा।

सलमान को अपना भाई बताते हुए शाहरुख ने अभिनेता की जमकर तारीफ की है। शाहरुख ने कहा, उनके साथ काम करना बहुत अच्छा अनुभव रहा। मैं सलमान से कितना प्यार करता हूं, यह बताने से पहले मैं उन्हें विशेष धन्यवाद कहना चाहता हूं। सलमान परिवार की तरह हैं, भाई जैसे हैं। हम नहीं जानते कि बड़ा भाई कौन है। हम में से प्रत्येक अलग-अलग दिनों में एक-दूसरे से बड़े भाई की तरह व्यवहार करता है।

पठान और टाइगर 3 दोनों ही एक्शन थ्रिलर फिल्में हैं। शाहरुख और सलमान ने दोनों फिल्मों के लिए इसलिए हाथ मिलाया है, ताकि दोनों ही फ्रेंचाइजी को एक बेहतर रूप दिया जा सके। इस प्रयोग से दोनों कलाकारों के फैंस जरूर आकर्षित होंगे।

फिल्म की पटकथा आदित्य चोपड़ा और श्रीधर राघवन ने लिखी है। इस फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे फिल्म के अहम पात्र टाइगर और जोया अलग-अलग देशों की यात्रा करते हैं। फिल्म अगले साल 21 अप्रैल को रिलीज होगी। सलमान फिल्म में एक रॉ एजेंट अविनाश सिंह राठौर की भूमिका निभाएंगे। कैटरीना कैफ फिर से जोया की भूमिका में दिखेंगी। फिल्म में इमरान हाशमी विलेन बनेंगे। इसका निर्देशन मनीष शर्मा कर रहे हैं।













CMYK

# रियल इस्टेट सेक्टर के उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण का महत्वपूर्ण फोरम है,अपीलेट ट्रिब्यूनलः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल



**रायपुर, 02 जुलाई 2022।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राजधानी रायपुर के मौलश्री विहार कॉलोनी में रियल इस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के नवनिर्मित भवन का वर्चुअल लोकार्पण किया। कार्यक्रम स्थल पर रियल इस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष जस्टिस श्री शरद कुमार गुप्ता ने नवनिर्मित भवन का फीता काटा।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि रियल इस्टेट (रेगुलेशन एन्ड डेवलोपमेन्ट) एक्ट 2016 के तहत रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े विवादों के निराकरण के लिए रेरा और रियल इस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल फोरम बनाए गए हैं। रेरा या अन्य एड्यूडिकेटिंग अथॉरिटी के निर्णय से असंतुष्ट पक्ष रियल इस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल में अपील कर सकेंगे। उपभोक्ताओं और कॉलोनाइजरों के हितों के संरक्षण में रियल इस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल एक महत्वपूर्ण फोरम साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रियल स्टेट के कारोबार में एक तरफ आम उपभोक्ता होता है, तो दूसरी तरफ बिल्डर और कॉलोनाइजर होते हैं। दोनों के अपने-अपने हित होते हैं। दोनों के हितों का संरक्षण शासन का दायित्व है। रियल स्टेट के कारोबार में जितनी अधिक पारदर्शिता होगी, और जितने कम विवाद होंगे, यह सेक्टर उतनी ही तेजी से ग्रोथ करेगा। रियल इस्टेट के क्षेत्र में प्रमोटर की मनमानी को रोकने के लिए रियल इस्टेट ( रेग्युलेशन एंड डेवलपेंट) एक्ट 2016 संसद द्वारा पारित किया गया था। इस अधिनियम के तहत विवादों के हल के लिए दो फोरम हैं। पहला फोरम है रेरा, और दूसरा फोरम अपीलेंट ट्रिब्यूनल है। अपीलेंट ट्रिब्यूनल के जरिये रेरा या एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी के आदेश से असंतुष्ट व्यक्ति अपील प्रस्तुत कर सकता है। छत्तीसगढ़ में आज पक्षकारों की सुविधाओं में बढ़ोतरी करते हुए अपीलीय ट्रिब्यूनल के कार्यलय भवन का उद्घाटन किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों के दौरान तमाम तरह की चुनौतियों के बावजूद छत्तीसगढ़ के हर सेक्टर में अच्छी ग्रोथ हुई, इनमें रियल इस्टेट सेक्टर भी शामिल है। उन्होंने कहा कि रियल इस्टेट सेक्टर लोगों के सपनों से जुड़ा हुआ है। एक सुंदर सा घर हर व्यक्ति का सपना होता है। शासन स्तर पर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों की आवास संबंधी जरूरत पूरी करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। रियल स्टेट सेक्टर को रियायतें और सुविधाएं देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार



### 600 से अधिक लोगों पर ट्रैफिक पुलिस ने की लाइसेंस निलंबन की कारवाई

**रायपुर, 02 जुलाई 2022।** राजधानी की यातायात व्यवस्था को शुगम सुरक्षित बनाए रखने हेतु उल्लंघन करता वाहन चालको के विरुद्ध यातायात पुलिस रायपुर द्वारा शक्त कारवाही की जा रही है वर्ष 2022 में जनवरी से जून तक विगत 6 माह में नियमों का उल्लंघन करने वाले 600 के अधिक उल्लंघन करता वाहन चालकों पर लाइसेंस निलंबन की कारवाई की जा चुकी है। बता दे कि यातायात पुलिस रायपुर द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत अब तक 600 से अधिक उल्लंघन करता वाहन चालकों पर लाइसेंस रद्द करने की कार्यवाही की जा चुकी है।

कारवाही आगे भी जारी रहेगी । अतः वाहन चालको से अपील है की नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं स्वयं सुरक्षित रहें व दूसरों को भी सुरक्षित रहने दे। शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम सुरक्षित संचालन हेतु उल्लंघन करता वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही की जा रही है। सुगम यातायात व्यवस्था हेतु व्हाट्सएप कंप्लेंट नंबर 9479191234 जारी किया गया है जिसमें पब्लिक द्वारा किसी भी तरह के यातायात संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की जाती है।

### दो ट्रेलर आपस में भिड़े, दरवाजा तोड़कर दोनों चालकों को निकाला



**भिलाई, 02 जुलाई 2022।** खुर्सीपार आईटीआई के पास एक हादसा हो गया। दो ट्रेलर की आपस में भिड़ंत हो गई। इस हादसे से दोनों चालकों को बुरी तरह चोटें लगी है। एक चालक के पैर में गंभीर चोटें आई है। सूचना मिलते ही छावनी और खुर्सीपार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू पाने की कोशिश में लगी रही। घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक, सरकारी आईटीआई के ठीक सामने पावर हाउस के पास से ट्रेलर सीजी 07 बीएच 1811 अनियंत्रित हो जाने से रायपुर की ओर से आ रहे ट्रेलर को सामने से ठोकर मार दी। घटना में दोनों ट्रेलरों के परखच्चा उखड़ गए। ठोकर की तेज आवाज से आसपास के लोग देखने पहुंचे। एक चालक ट्रेलर में फंसा हुआ था। जिसके दोनों पैर बुरी तरह चोटिल हो गए। गंभीर अवस्था मे अस्पताल पहुंचाया गया है। सड़क दुर्घटना के चलते लंबा जाम भी लग गया था। जहां घटना हुई, वह फ्लाई ओवर ब्रिज का डाउन फ्लोर है। निर्माण कार्य के चलते सड़क पर आने-जाने वाले चालकों को बड़ी मुश्किल से अपने वाहनों को निकाले जाने का जगह मिल पाता है। इस वजह से भी लगातार घटना हो रही है।

### करंट से मजदूर की मौत, स्टेशन मास्टर सस्पेंड

**जगदलपुर, 02 जुलाई 2022।** जगदलपुर रेलवे स्टेशन में हाईटेंशन तार की चपेट में आकर मजदूर की मौत और ट्रेन को स्टेशन से छोड़े जाने में सामने आई लापरवाही का भुगतान स्टेशन मास्टर को भुगतान पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में डीआरएम ने स्टेशन मास्टर हरिप्रसाद को निलंबित कर दिया है। विदित हो कि कुछ समय पहले जगदलपुर रेलवे साइडिंग में खाद्य सामग्री उतारते समय एक मजदूर ट्रेन के हाइटेंशन करंट सप्लाई देने वाले तार के संपर्क में आ गया था। गंभीर रूप से घायल मजदूर की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। मामले में ठेकेदार की लापरवाही सामने आई थी। रेलवे साइडिंग में ठेकेदारों पर नियंत्रण रखने की जिम्मेदारी होने की वजह से स्टेशन मास्टर की भी लापरवाही मानी गई। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले समलेश्वरी एक्सप्रेस ट्रेन को भी स्टेशन मास्टर के निर्देश के बाद रवाना कर दिया गया था।

# रेलवे ने ट्रेनें कैंसिल करने की लगा दी एक ही हफ्ते में हैट्रिक

**कल से 6 जुलाई तक 18 ट्रेने रद्द परेशान यात्री पूछ रहे कौन सी चल रही?**

**बिलासपुर, 02 जुलाई 2022।** रेलवे ने ट्रेने कैंसिल करने के मामले में अब हैट्रिक लगा दी है। लगभग एक ही सप्ताह में तीन बार अलग अलग तिथियों को ट्रेन कैंसिल की गई है। पहली बार 18 तो वही दूसरी बार 8 अब फिर तीसरी बार 18 ट्रेने कैंसिल की गई है। ट्रेनों के कैंसिल होने से परेशान यात्री आजिज आकर अब इंक्वायरी कॉउंटर पर ट्रेनों के कैंसिल होने के बारे में नही बल्कि अब पटरी पर कौन सी ट्रेन चल रही है?÷ ये पूछ रहे है। ट्रेनों के केंसिल होने के अलावा ट्रेकों पर कार्य चलने का हवाला देकर लगातार ट्रेनों के रूट परिवर्तन भी किया जा रहा है।

एक बार फिर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर रेल मंडल के राजनांदगांव-कलमना रेल खंड के बीच म3 ऑटो सिग्नलिंग सहित अनेक कार्यो,नान इंटरलॉकिंग कार्य का हवाला दे रेलवे प्रबंधन ने 3 जुलाई से 6 जुलाई तक चलने वाली 18 ट्रेनों को रद्द किया है तो वही दो ट्रेनों को उनके गंतव्य से पहले ही समाप्त किया है। आश्चर्य की बात यह हैं कि रेलवे ने एक ही ट्रेन रूट में तीसरी बार कार्यों का हवाला देकर ट्रेने निरस्त की है।

### रदद होने वाली गाडियां

(01) दिनांक 03 से 06 जुलाई, 2022 तक दुर्ग से छूटने वाली 08741 दुर्ग-गोंदिया स्पेशल रद्द रहेगी ।



(02) दिनांक 03 से 06 जुलाई, 2022 तक गोंदिया से छूटने वाली 08742 गोंदिया-दुर्ग स्पेशल रद्द रहेगी ।

(03) दिनांक 03 से 06 जुलाई, 2022 तक गोंदिया से छूटने वाली 08743 गोंदिया-इतवारी मेमू रद्द रहेगी ।

(04) दिनांक 03 से 06 जुलाई, 2022 तक इतवारी से छूटने वाली 08744 इतवारी-गोंदिया मेमू रद्द रहेगी ।

(05) दिनांक 4 से 6 जुलाई 2022 तक रायगढ़ चलने वाली गाड़ी संख्या 12069 रायगढ़ गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

(06) दिनांक 3 से 5 जुलाई 2022 तक गोंदिया से छूटने वाली गाड़ी संख्या 12070 गोंदिया - रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

(07) दिनांक 03 से 05 जुलाई, 2022 तक गेवरा रोड से छूटने वाली 18239 गेवरारोड-इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

(08) दिनांक 03 से 05 जुलाई, 2022 तक इतवारी से छूटने वाली 18240 इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

(09) दिनांक 03 से 05 जुलाई, 2022 तक बिलासपुर से छूटने वाली 12855 बिलासपुर-इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(10) दिनांक 04 से 06 जुलाई, 2022 तक को इतवारी से छूटने वाली 12856 इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी क्सप्रेस रद्द रहेगी ।

(11) दिनांक 02 से 05 जुलाई, 2022 तक टाटानगर से छूटने वाली 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(12) दिनांक 04 से 07 जुलाई, 2022 तक इतवारी से छूटने वाली 18110 इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

(13) दिनांक 04 जुलाई, 2022 को सिकंदराबाद से छूटने वाली 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

(14) दिनांक 05 जुलाई, 2022 को रायपुर से छूटने वाली 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

(15). दिनांक 3 जुलाई 2022 को पुरी से छूटने वाली गाड़ी संख्या 22827 पुरी -सूरत एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

(16) दिनांक 5 जुलाई 2022 को सूरत से छूटने वाली गाड़ी संख्या 22828 सूरत -पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

(17) दिनांक 3 जुलाई 2022 को तिरुनेलवेली से छूटने वाली गाड़ी संख्या 22620 तिरुनेलवेली बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(18) दिनांक 5 जुलाई 2022 को बिलासपुर से छूटने वाली गाड़ी संख्या 22619 बिलासपुर तिरुनेलवेली एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### बीच में समाप्त होने वाली गाडियां

(1) दिनांक 03 से 05 जुलाई, 2022 तक बरौनी से छूटने वाली गाड़ी संख्या 15231 बरौनी गोंदिया एक्सप्रेस को दुर्ग स्टेशन में ही समाप्त कर दिया जाएगा ।

(2) दिनांक 3 से 5 जुलाई 2022 तक गोंदिया से छूटने वाली गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस गोंदिया के स्थान पर दुर्ग से चलेगी ।

**सीजी नुपुर शर्मा- दो गिरफ्तार**

# युवक ने नुपुर शर्मा के पक्ष में इंस्टाग्राम पर किया पोस्ट



**दो लोगों ने दी जान से मारने की दी धमकी... युवक और युवती गिरफ्तार**

**दुर्ग, 02 जुलाई 2022।** नुपुर शर्मा के समर्थन में पोस्ट करने वाले युवक को जान से मारने की धमकी देने वाले युवक और युवती को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी रायपुर के रहने वाले है। घटना कुम्हारी थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, कुम्हारी के कैलाष नगर निवासी राजा जगत ने थाने में खुद को जान से मारने की धमकी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में पीड़ित ने बताया था कि 12 जून को उसने इंस्टाग्राम आईडी में एक पोस्ट नुपुर शर्मा के पक्ष में किया था। पोस्ट वायरल होने के बाद दो लोगों ने उसे रिप्लाई करते हुये जान से मारने की धमकी दी। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुये एसपी अभिषेक पल्लव ने जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुये तत्काल रायपुर थाना गोलबाजार निवासी कासिफ सेंद्रे 22 वर्ष और रितिका भारती 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के खिलाफ धार 151, 117, 116 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मॉल की लिफ्ट में फंसे बीजेपी कार्यकर्ता,पहुंचे थे बंद कराने



**रायपुर, 02 जुलाई 2022।** राजेन्द्र नगर इलाके में दुकान, मॉल बंद कराने गये बीजेपी कार्यकर्ता ही मॉल की लिफ्ट में बंद हो गये। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाहर निकाला गया। 10 मिनट तक बंद रहे। बता दें कि उदयपुर की घटना के विरोध में राजधानी समेत पूरा छत्तीसगढ़ स्व स्फूर्त बंद दिखा। कहीं विवाद की स्थिति न बने इसलिए पुलिस की ओर से व्यापक प्रबंध किए गए हैं। एक दिन पहले ही पुलिस प्रशासन की ओर से संबंधित दलों की बैठक ली गई थी, जिससे उपद्रव न हो। हालांकि कोरबा में व्यापारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच विवाद की खबर भी सामने आई है। इसके अलावा बाकी स्थानों पर शांतिपूर्वक ढंग से बंद है।

राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और भाजपा ने बंद का आह्वान किया था। बंद को व्यापारिक संगठनों ने भी समर्थन दिया था। इस वजह से शनिवार को ही सुबह से दुकानें बंद रहीं। सब्जी व फल की दुकानें कुछ स्थानों पर खुली थी, लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता निकले और जगह जगह बंद कराया। कुछ स्थानों पर पेट्रोल पंप आदि भी बंद कराए गए हैं।

### शासकीय अस्पताल से बैटरी चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 02 जुलाई 2022।** पीड़ित राम प्रताप अंसारी ने थाना पुरानी बस्ती में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह हमर अस्पताल शहरी प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र भाठागांव में वार्ड ब्वाय का कार्य करता है। प्रार्थी दिनांक 01.07.2022 को हमर अस्पताल शहरी स्वास्थ्य केन्द्र भाठागांव में उपयोग में लाये जा रहे तीन नग इनवर्टर बैटरी लूमिनस कंपनी बैटरी 150 वाट को चेक किया तो उक्त तीनों बैटरी निर्धारित स्थान पर नही थे। कोई अज्ञात चोर बैटरी चोरी कर ले गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना पुरानी बस्ती में अपराध क्रमांक 262/2022 धारा 454, 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# 60 साल के अधेड़ ने 4 बच्चों की मां के साथ किया दुष्कर्म,आरोपी गिरफ्तार



**जशपुर, 02 जुलाई 2022।** जिले से शादीशुदा महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आ रहा है। यहाँ एक 60 साल का बुजुर्ग महिला के घर में घुस आया और 4 बच्चों की मां से पहले मीठी-मीठी बातें कीं। फिर जबरदस्ती कमरे में लेजाकर दुष्कर्म किया। पत्थलगांव पुलिस ने आरोपी को अपराध पंजीबद्ध होने के 03 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। थाना पत्थलगांव का मामला है।

थाना पत्थलगांव क्षेत्र निवासी 45 वर्षीय विवाहित महिला ने दिनांक 01.07.2022 को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि यह दिनांक 30.06.2022 के दिन में लगभग 11ः00 बजे घर में अकेली थी और यह घर के परछी में बैठकर घरेलू कार्य कर रही थी, उसी दौरान इसके पास आरोपी चंदन टोप्पो आया और उससे कुछ देर बातें कर उसे जबरदस्ती खींचते हुये घर के अंदर ले गया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया, और आरोपी वहां से फरार हो गया।

प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 376 भा.द.वि. के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान थाना पत्थलगांव पुलिस स्टॉफ द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुये पता-तलाश कर दबिश देकर प्रकरण के आरोपी चंदन टोप्पो को उसके निवास से चंद घंटे में अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किया। आरोपी चंदन टोप्पो उम्र 60 साल निवासी सरनापारा (मुड़ेकेला) थाना पत्थलगांव को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# शिक्षकों की ड्यूटी चेकपोस्ट में:प्रमुख सचिव शिक्षा की स्थिति पर चिंता जता रहे थे और एसडीएम ने चेक पोस्ट में लगा दी ड्यूटी

**रायपुर, 02 जुलाई 2022।** स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला जब 20 हजार से ज्यादा शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए ज्ञान दे रहे थे, तब भैरमगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने डेढ़ दर्जन शिक्षकों की ड्यूटी चेक पोस्ट में लगा दी। चार शिफ्ट में ये शिक्षक मेडिकल टीमों की मदद के लिए तैनात रहेंगे। इसे लेकर शिक्षकों में नाराजगी है। शिक्षक संघों का कहना है कि एक तरफ शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए ढिंढोरा पीटा जाता है, दूसरी ओर स्कूल खुलने के बाद शिक्षकों की ड्यूटी कभी चेक पोस्ट में तो कभी किसी और गैर शिक्षकीय कार्य में लगा देते हैं। ऐसे में शिक्षा की गुणवत्ता कैसे बढ़ेगी?

### इस चिट्ठी के बाद है शिक्षकों में नाराजगी

बीजापुर जिले के सीमावर्ती बांगापाल नाका में यात्रियों की जांच हेतु मेडिकल टीम तैनात की गई है। इस टीम की मदद के लिए 16 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। एसडीएम द्वारा जारी आदेश में व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षकों की चार शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। जो सुबह 6 बजे से रात दस बजे तक चार-चार घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी करेंगे। दरअसल, कोरोना के मामले बढ़ने के बाद भारत सरकार ने एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के साथ-साथ एंट्री पॉइंट पर जांच के निर्देश दिए हैं। इसके बाद मेडिकल टीमें तैनात की गई हैं। शिक्षकों का कहना है कि कोरोना के भयावह दौर में जब जरूरत थी, तब शिक्षकों ने ड्यूटी की थी, लेकिन अभी इतनी भयावह स्थिति नहीं है। शिक्षकों की जरूरत स्कूलों में है, क्योंकि दो साल बाद स्कूल खुल रहे हैं।

### प्रमुख सचिव ने क्या कहा शिक्षकों से

प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. आलोक शुक्ला ने विद्यालय प्रवेश व शिक्षा में गुणवत्ता के लिए आयोजित वेबिनार में शिक्षा की स्थिति पर चिंतन-मनन की बात करते हुए शिक्षकों को शिक्षकीय कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को बुनियादी शिक्षा देना जरूरी है, जो आगे जाकर उनको उच्च शिक्षा में सहयोग करेगा। इस वेबिनार में सभी डीईओ, जिला मिशन समन्वयक, बीईओ, संकुल समन्वयक, सभी स्कूलों के प्राचार्य, प्रधान पाठक समेत करीब 20 हजार शिक्षक शामिल हुए।



कार्यालय, अनुविभागीय दण्डाधिकारी भैरमगढ़ जिला बीजापुर (छ.ग.)

//आदेश//

क्रमांक/314/अवि/वा/2022 भैरमगढ़, दिनांक 01-07-2022

| क्र | नाम | पदनाम | [illegible] | समय |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | [illegible] | 5 |
| 1 | श्री गजेन्द्र भारद्वाज | व्याख्याता(एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |
| 2 | श्री विद्यासागर डडसेना | व्याख्याता(एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |
| 3 | श्री देवनारायण शोरी | सहा.शिक्षक(एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |
| 4 | श्री कमलेश कुमार शोरी | सहा.शिक्षक(एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |
| 5 | श्री घनश्याम नेताम | व्याख्याता (एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |
| 6 | श्रीमती वैशाली सिन्हा | व्याख्याता (एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |
| 7 | कुमारी नुजहत | व्याख्याता (एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |
| 8 | श्री पायकुराम कश्यप | सहा.शिक्षक(एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |
| 9 | श्री मो.इकबाल हुसैन | शिक्षक (एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |
| 10 | श्री प्रेमलाल मण्डावी | सहा.शिक्षक(एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |
| 11 | श्री मानिक कुमार जैन | व्याख्याता (एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |
| 12 | श्री लवकुश पटेल | शिक्षक (एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |
| 13 | श्री संदीप शुक्ला | व्याख्याता (एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |
| 14 | श्री लालराम नेताम | सहा.शिक्षक(एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |
| 15 | श्री अशोक कुमार नाग | सहा.शिक्षक(एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |
| 16 | श्री दीनूराम साहू | सहा.शिक्षक(एल.बी.) | [illegible] | [illegible] |

(यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा)

अनुविभागीय अधिकारी(रा.) भैरमगढ़

पृ. क्रमांक/315/अवि/वा/2022 भैरमगढ़, दिनांक 01-07-2022

प्रमुख सचिव डॉ. शुक्ला ने शिक्षकों से आह्वान किया कि बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। प्राथमिक शिक्षा में स्कूल की स्थिति पहले की तुलना में अच्छी होने के बाद भी हम शिक्षा के स्तर को उस स्तर पर नहीं ला पा रहे हैं, जिसकी हमें अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर के लिए मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत सतत प्रयास किए जाएं। सिर्फ बच्चों के शिक्षण पर ध्यान दिया जाए और उनके उत्तरोत्तर प्रगति के लिए जितना संभव हो सके प्रयास करना चाहिए। प्रमुख सचिव ने विभाग के उच्च अधिकारियों को इस संबंध में सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

### अब स्कूल शिक्षा सचिव ने क्या कहा

स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने मूलभूत साक्षरता और गणितीय कौशल (एफएलएन), असर और नेशनल एचीवमेंट सर्वे (एनएएस) में किए गए कार्य एवं गुणवत्ता के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में शिक्षकों से आह्वान किया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्राथमिक शिक्षा पर भी जोर दें। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा की बुनियाद मजबूत होगी तो उन्हें आगे जाकर भाषा-गणित और अन्य किसी भी प्रकार के शिक्षण में कठिनाई नहीं आएगी।

समग्र शिक्षा के मिशन संचालक नरेन्द्र दुग्गा ने प्रत्येक तीन वर्ष में आयोजित नेशनल एचीवमेंट सर्वे में कक्षा 3,5,8 और 10वीं के छात्रों की राज्य में स्थिति एवं राज्य के विभिन्न जिलों में स्थिति के बारे में चर्चा की। जिसमें उन्होंने बताया कि महासमुंद, सूरजपुर और दुर्ग राज्य में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। मिशन संचालक ने एनसीईआरटी द्वारा आयोजित नेशनल एचीवमेंट सर्वे के लिए भविष्य में राज्य में अच्छे कार्य करने के लिए टिप्स भी दिए। उन्होंने बताया कि असर सर्वे दिल्ली की संस्था द्वारा गांवों में घर-घर जाकर 14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों में किया जाता है, न कि स्कूल में। जिसके आधार छत्तीसगढ़ राज्य में धमतरी जिले का प्रदर्शनी उच्चतम रहा। वेबीनार के प्रारंभ में सहायक मिशन संचालक श्री कैलाशचन्द्र काबरा ने मूलभूत साक्षरता एवं गणितीय कौशल पर छत्तीसगढ़ राज्य में किए गए कार्यों की विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया और भविष्य में राज्य के सभी स्कूलों में क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)